इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166



वर्ष- 43 अंक -190 राजनांदगांव, मंगलवार 28 मई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## रेमल से हाहाकारः बंगाल में छह तो बांग्लादेश में 10 की मौत, 15000 घर हुए क्षतिग्रस्त; 25 उड़ानें रद्द

कोलकाता। चक्रवात तूफान रेमल एक दिन पहले पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों से टकरा गया। 21 घंटे के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं दोबारा शुरू तो हुईं पर खराब मौसम के कारण आठ उड़ानों को डायवर्ट किया गया तो 14 उड़ानों को रद्द करना पड़ गया। वहीं, तूफान के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। एएआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि खराब मौसम के कारण कोलकाता जाने वाली आठ उड़ानों को गुवाहाटी, गया, वाराणसी और भुवनेश्वर जैसे अन्य हवाईअड्डों पर डायवर्ट करना पड़ा है।

हवाई अड्डे के निदेशक सी पट्टाभि ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसी भी बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं हुआ है। जलभराव की कोई समस्या नहीं हुई क्योंकि हमने पानी निकालने के लिए कुशल पंपों का इस्तेमाल किया। वहीं, गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुवाहाटी से कोलकाता जाने वाली चौदह उड़ानें रद्द किया गया है। रद्द उड़ानों में इंडिगो की चार, एलायंस एयर की चार और एयर इंडिया की एक उड़ान शामिल है। वहीं, खराब मौसम के कारण अगरतला हवाई अड्डे से 11 उड़ानें रद्द कर दी गईं। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### बंगाल में 15 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त

जानकारी के अनुसार, बंगाल के एक वरिष्ठ अधिकारी की मानें तो चक्रवात के कोलकाता में एक, दक्षिण 24 परगना जिले में दो महिलाएं और पूर्व मेदिनीपुर के मेमारी में एक पिता-पुत्र की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चक्रवात के कारण 15 हजार घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। दो लाख से अधिक लोगों को बचाव शिविरों में भेजा गया। 77 हजार से अधिक लोग अभी भी राहत शिविर में ही हैं। राज्य भर में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए हैं। पुलिस और एनडीआरएफ उन्हें हटा रहे हैं। बिजली खंभों के उखड़ने के कारण बिजली व्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, बांग्लादेश में करीब 10 लोगों की मौत हुई है। 15 मिलियन लोग वहां बिना बिजली के हैं।

### मुख्यमंत्री बनर्जी और राज्यपाल ने प्रभावित इलाकों का लिया जायजा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेमल से प्रभावित सुंदरबन और अन्य तटीय इलाकों की स्थिति का जायजा लिया। सीएम ने मुख्य सचिव से फोन पर बात कर मृतकों और घायलों की संख्या तथा हुए नुकसान और राहत कार्यों की जानकारी ली। बनर्जी ने सोशल मीडिया पर कहा कि चक्रवात से राज्य को काफी नुकसान हुआ है। जानमाल की हानि कम है। मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने उनके प्रियजनों को तत्काल आर्थिक सहायता देने की बात कही। फसलों और घरों को हुए नुकसान के मुआवजे के वितरण को प्रशासन कानून के मुताबिक देखेगा और चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद हम इन सभी मुद्दों पर अधिक गंभीरता से विचार करेंगे। वहीं राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन के रैपिड एक्शन फोर्स के साथ कुछ प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

### कृष्ण जन्मभूमि मामला

## मस्जिद पक्ष ने रखी लंबी दलील, मंदिर पक्ष ने दिया जवाब- इस तरह जमीन का चरित्र..

प्रयागराज। मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में सोमवार को सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष ने मस्जिद पक्ष की तरफ से लंबी दलील देने और पुरानी बातों को दोहराने पर आपत्ति जताई। मंगलवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।



मंदिर पक्ष की दलीलों का जवाब देते हुए मस्जिद पक्ष की एडवोकेट तस्नीम अहमदी ने कहा, विवादित जगह वक्फ संपत्ति है और इस संपत्ति विवाद का निपटारा केवल वक्फ न्यायाधिकरण के समक्ष ही किया जा सकता है। कोई भी पीड़ित व्यक्ति होने के कारण ट्रिब्यूनल में समस्या उठा सकता है।

कहा, पक्षकारों ने 12 अक्टूबर 1968 को समझौता किया था और 1974 में तय सिविल मुकदमे में इसकी (समझौते की) पुष्टि की गई है। इसे चुनौती देने की सीमा तीन साल है लेकिन मुकदमा 2020 में किया गया है। मंदिर पक्ष ने पूर्व में कहा था कि समझौते में देवता कोई पक्ष नहीं थे और न ही 1974 में पारित अदालती डिक्री में कोई पक्ष था। कथित समझौता श्री जन्म सेवा संस्थान ने किया था, जिसे किसी भी समझौते को करने का अधिकार नहीं था। संस्थान का उद्देश्य केवल रोजमर्रा की गतिविधियों का प्रबंधन था। देवता नाबालिग हैं और नाबालिग के हित के खिलाफ किया गया कोई भी समझौता सही नहीं है।

मंदिर पक्ष से राणा प्रताप के साथ रीना एन सिंह का कहना था कि किसी भी संपत्ति पर अतिक्रमण करना, उसकी प्रकृति बदलना और उसे बिना स्वामित्व वक्फ संपत्ति के रूप में परिवर्तित करना वक्फ की प्रकृति रही है। इसे अनुमति नहीं दी जा सकती।

प्रकरण में वक्फ अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे क्योंकि विवादित संपत्ति वक्फ संपत्ति नहीं है। जिस संपत्ति की बात है वह मंदिर था और जबरन कब्जा करने के बाद नमाज अदा करना शुरू कर दिया गया, लेकिन इस तरह जमीन का चरित्र नहीं बदला जा सकता।

## दोबारा पीएम नहीं बन पाएंगे मोदी, चुनाव के बाद अडानी पर ईडी करेगी पूछताछ : राहुल

पटना। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री (पीएम) नहीं बनने जा रहे हैं और तब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनसे अडानी के साथ लेनदेन के बारे में पूछताछ करेगा।



श्री गांधी ने सोमवार को पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के बख्तियारपुर में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि श्री मोदी दोबारा पीएम नहीं बनेंगे क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लोकसभा चुनाव हारने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद ईडी श्री मोदी से अडानी के साथ उनके लेनदेन के बारे में पूछताछ करेगी।

कांग्रेस नेता ने कहा, हाल के साक्षात्कारों की एक श्रृंखला में श्री मोदी ने दावा किया था कि वह एक जैविक इकाई नहीं बल्कि ईश्वर के दूत हैं और उनके द्वारा सभी निर्णय ईश्वर की प्रेरणा से लिए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद अदानी के साथ उनके लेन-देन के बारे में ईडी की पूछताछ से बचने के लिए श्री मोदी कह रहे हैं, मुझे नहीं पता क्योंकि निर्णय भगवान की इच्छा के अनुसार लिया गया था, न कि मेरी इच्छा के अनुसार। श्री गांधी ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में 30 लाख रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार, प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के बैंक खाते में एक वर्ष में एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि स्नातक युवाओं और तकनीकी शिक्षा पूरी करने वालों को एक वर्ष के लिए एक लाख रुपये दिए जाएंगे। युवाओं के लिए इस योजना को पहली नौकरी पक्की÷ के नाम से जाना जाएगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) के तहत काम करने वालों की मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन की जाएगी। उन्होंने वादा किया कि किसानों को उनकी कृषि उपज की खरीद पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

श्री गांधी ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में एक मजबूत लहर दिखाई दे रही है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में इंडिया गठबंधन सभी 40 लोकसभा सीटें जीतेगा। उन्होंने लोगों से मौजूदा लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करने का आह्वान किया।

## 31 मई को एसआईटी के सामने पेश होंगे प्रज्ज्वल रेवन्ना, कहा- मुझ पर लगे आरोप झूठे

बंगलूरू। कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से सांसद और जेडी-एस से निष्कासित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों के बाद कर्नाटक की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। बता दें कि 27 अप्रैल को रेवन्ना विदेश चले गए थे। ठीक एक महीने बाद प्रज्ज्वल रेवन्ना का कहना है कि वह 31 मई को सुबह 10 बजे मामले की जांच कर रही एसआईटी के सामने पेश होंगे।



### प्रज्ज्वल रेवन्ना ने क्या कहा ?

रेवन्ना ने कहा 'मैं 31 मई की सुबह 10 बजे व्यक्तिगत रूप से एसआटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मैं जांच में एसआईटी की मदद करूंगा और खुद पर लगे आरोपों का जवाब दूंगा। मुझे अदालत पर पूरा भरोसा है।' हासन सांसद के अनुसार उन्हें भगवान, अपने समर्थकों और अपने परिवार की दुआओं पर पूरा भरोसा है। प्रज्ज्वल ने कहा 'मुझ पर भरोसा रखें, मैं एसआईटी के सामने पेश होकर इस मामले को समाप्त करने की पूरी कोशिश करूंगा।'

हालांकि, प्रज्ज्वल के स्वदेश लौटने को लेकर उनके परिवार की तरफ से तत्काल कोई पुष्टि नहीं की गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## काउंटिंग के समय ये तीन बातें जरूर नोट करें प्रत्याशी, ईवीएम पर सिब्बल ने तैयार किया मसौदा; चुनाव आयोग ने भी दिया जवाब

नई दिल्ली। मतगणना के समय ईवीएम से जुड़ी जानकारी जुटाने को लेकर विपक्ष दलों को दी जा रही हिदायत के बीच निर्वाचन आयोग ने साफ किया है कि मतगणना के समय ईवीएम से जुड़ी जिन जानकारियों को जुटाने की बात कहीं जा रही है वह सारी जानकारी पहले से ही सभी प्रत्याशियों को दी जाती है। इनमें कुछ भी नया नहीं है। ईवीएम के मैनुअल में इन सभी पहलुओं का उल्लेख है।



### मतगणना के समय विशेष सतर्कता रखने का सुझाव

जिला निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों को भी इसका सख्ती से अमल कराने के निर्देश दिए गए है। निर्वाचन आयोग ने मतगणना के समय ईवीएम को लेकर यह स्पष्टता तब दी है, जब रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने विपक्षी दलों को मतगणना के समय विशेष सतर्कता रखने का सुझाव दिया था साथ ही कहा था कि वह इस दौरान ईवीएम से जुड़ी कुछ जानकारी अनिवार्य रूप से जुटाए। उन्होंने फार्म का एक मसौदा भी जारी किया था। जिसमें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट के नंबर सहित ईवीएम की काउंटिंग की बटन दबाने के दौरान का समय आदि जुटाने पर जोर दिया गया था।

### ईवीएम से जुड़े ब्यौरे को जुटाने का मुद्दा

उन्होंने कहा था कि हम न तो यह कह रहे है कि ईवीएम गलत है न ही यह कह रहे है कि वह ठीक है। क्योंकि दुनिया में कोई भी ऐसी इलेक्ट्रानिक डिवाइस नहीं है, जिसमें छेड़छाड़ संभव न हो। इस प्रक्रिया से वह लोगों के बीच ईवीएम के विश्वसनीयता को और मजबूत करना चाहते है।

इस बीच उनकी इस टिप्पणी के बाद मतगणना से दौरान ईवीएम से जुड़े ब्यौरे को जुटाने का मुद्दा इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा। जिसके बाद आयोग ने पूरी स्थिति स्पष्ट करते हुए ईवीएम मैनुअल के चैप्टर 14 को जारी किया और बताया कि यह पहले से सार्वजनिक है। प्रत्येक चुनाव में इसका सख्ती से पालन होता है।

### जौनपुर में रिजर्व ईवीएम को तूल देने पर दी सफाई

आयोग ने इस बीच उत्तर प्रदेश के जौनपुर में रिजर्व ईवीएम को ले जा रहे ट्रक को रोककर हंगामा करने के मुद्दे पर भी स्थिति स्पष्ट की और बताया है कि यह पोलिंग में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वो तहेदिल से चाहते हैं कि केजरीवाल मर जाए, आखिर किस बात पर भड़के दिल्ली के सीएम

अमृतसर। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 7 दिनों की अंतरिम बेल मांगी है। कोर्ट से बेल मांगने पर भारतीय जनता पार्टी ने केजरीवाल पर हमला बोला तो सूबे के सीएम ने भी तीखा पलटवार किया। बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनकी तहेदिल से इच्छा है कि अरविंद केजरीवाल मर जाए।

'मैंने 7 दिनों की अंतरिम बेल सिर्फ अपने टेस्ट कराने के लिए मांगी है। मेरा 7 किलो वजन एक महीने में गिर गया है। यदि किसी व्यक्ति का एक महीने में 7 किलो वजन गिर जाए तो यह गंभीर बात हो सकती है। डॉक्टरों ने मुझे कई सारे टेस्ट कराने को कहा है।'



### बिना किसी वजह वजन का घटना चिंता की बात

वह आगे कहते हैं, 'मैंने इसके लिए एक सप्ताह ही मांगा है। बिना किसी वजह के ही वजन का घटना चिंता की बात है। संभव है कि शरीर के अंदर कोई गंभीर बीमारी पनप रही हो, जिसका पता न चल पा रहा हो। ऐसी स्थिति में ये टेस्ट कराने हैं। यदि बीमारी दूसरे या तीसरे चरण में पहुंच गई तो बहुत देर हो जाएगी।' अरविंद केजरीवाल ने अमित शाह के उस बयान पर भी हमला बोला, जिसमें उन्होंने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब की सरकार नहीं बचेगी।

### आखिर पंजाब की सरकार कैसे गिराएंगे अमित शाह क्या प्लान है

अमृतशहर में लोगों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका में तूफान ने मचाया भारी तबाही, 21 लोगों की मौत; बिजली सेवा बाधित होने से करीब 5 लाख लोग अंधेरे में रहने को मजबूर



रायटर, वाशिंगटन। अमेरिका के दक्षिणी मैदानी क्षेत्रों, ओजार्क्स समेत चार प्रांतों में तूफान से सोमवार सुबह तक 21 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों भवन तबाह हो गए। मौसम के और बिगड़ने की आशंका जताई गई है। अधिकारियों के अनुसार, अर्कांसस में आठ, टेक्सास में सात, केंटुकी में चार और ओक्लाहोमा में दो लोगों की मौत हुई है। तलाशी एवं बचाव अभियान जारी होने के बीच मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जाहिर की गई है।

### केंटुकी में आपात स्थिति की घोषणा

तूफान के कारण सोमवार को बिजली सेवा बाधित होने से टेक्सास के केंसास, मिसौरी अरकांसस, टेन्नेसे और केंटुकी में चार लाख 70 हजार से ज्यादा लोग बिना बिजली रहने के लिए बाध्य हैं। ग्रेटर डल्लास क्षेत्र में तूफान से कई वाहन पलट गए और हाईवे के एक भाग को बंद करना पड़ा। केंटुकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने सोमवार तड़के अपने प्रांत में आपात स्थिति की घोषणा कर दी।

### कई हिस्सों में भयंकर तूफान की चेतावनी

राष्ट्रीय मौसम सेवा विभाग ने कहा कि जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना के कुछ हिस्सों में सोमवार दोपहर तक भयंकर तूफान की चेतावनी दी गई थी। मौसम सेवा ने ओहायो और टेन्नेसे घाटियों में भी तूफान आने की चेतावनी दी है। तूफान भविष्यवाणी केंद्र ने अपनी चेतावनी कहा है कि तूफान के साथ तेज हवा, बेसबाल आकार जैसे बड़े ओले और अधिक बवंडर के साथ ही अचानक बाढ़ लाने वाली मूसलाधार बारिश होने की आशंका है।

### 200 से अधिक घर क्षतिग्रस्त

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एब्बोट ने रविवार को कहा कि शनिवार को तूफान से करीब 100 लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि मरने वालों की सटीक संख्या बताना कठिन है। 200 से ज्यादा घरों के साथ ही अन्य भवन तबाह हो गए और 100 ज्यादा अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## पद्म श्री पुरस्कार लौटाएंगे हेमचंद मांझी, कहा- नक्सलियों से मिल रहीं हैं धमकियां

रायपुर। पारंपरिक चिकित्सक वैद्यराज हेमचंद मांझी ने अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटाने का एलान किया है। उनका कहना है कि नक्सलियों की लगातार मिल रही धमकियों की वजह से वह इस पुरस्कार लौटाएंगे।

### नक्सलियों से मिलीं धमकियां

पुलिस का कहना है कि नक्सलियों ने रविवार रात नारायणपुर जिले के चमेली और गौरदंड गांवों में दो निर्माणाधीन मोबाइल टावरों में आग लगा दी। इसके साथ ही नक्सलियों ने वहां मांझी को धमकी देने वाले बैनर लगाए। इसके अलावा वहां कुछ पर्चे भी फेंके गए, जिसमें हेमचंद मांझी की पद्म श्री सम्मान लेते हुए तस्वीर छपी थी। नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि मांझी ने नारायणपुर के छोटेडोंगर इलाके में आमदई घाटी लौह अयस्क परियोजना को शुरू करने में मदद की और इसके लिए रिश्वत भी ली। नक्सलियों द्वारा इससे पहले भी माझी पर इस तरह के आरोप लगाकर धमकी दी गई थी। उधर वैद्यराज मांझी ने खुद पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया है।



### 2023 में हुई थी भतीजी की हुई थी हत्या

वैद्यराज ने कहा कि अपने परिवार से बात करने के बाद उन्होंने पद्म श्री सम्मान लौटाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपना पारंपरिक चिकित्सा का काम भी छोड़ देंगे। मांझी ने कहा 'मैं पद्म श्री पुरस्कार लौटा दूंगा। इससे पहले नक्सलियों ने मेरी भतीजी कोमल मांझी पर झूठे आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी थी। मैं और मेरा परिवार डर के साये में जी रहे हैं।' 9 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ के छोटेडोंगर में कोमल मांझी की हत्या की गई थी। फिलहाल स्थानीय पुलिस द्वारा वैद्यराज के परिवार को सुरक्षा प्रदान की गई है।

### कौन हैं हेमचंद मांझी

हेमचंद मांझी पांच दशकों से ज्यादा समय से बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को प्राकृतिक और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रह हैं। अबूझमा? के प्रख्यात वैद्यराज हेमचंद मांझी को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### मुख्यमंत्री साय भी कर चुके हैं सम्मान

नारायणपुर के छोटे डोंगर में जन्मे हेमचंद मांझी उस समय से लोगों का इलाज कर रहे हैं, जब उस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं थी।

अपने ज्ञान और सेवाभाव की बदौलत से उन्होंने लोगों का इलाज शुरू किया और पिछले पांच दशकों से मरीजों का उपचार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों और विदेशों में रहने वाले पीड़ित मरीज भी छोटे डोंगर पहुंचकर इलाज कराते हैं। जब हेमचंद मांझी को पद्म श्री पुरस्कार की घोषणा हुई थी, तब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास में आमंत्रित कर उनका सम्मान किया था।

# बारिश सिर पर... कचरा-गंदगी से बजबजा रहा नाला


## नंदई चौक नाला, गंज चौक, जिला अस्पताल के सामने का नाला, सोनार पारा नाले का बुरा हाल

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में 13 जून को मानसून दस्तक दे देगी। बारिश-पानी का मौसम धड़ल्ले से शुरू हो जाएगा। बारिश लगने से शहर के बड़े नाले व नालियों की धडल्ले से सफाई शुरू हो जानी चाहिए लेकिन निगम द्वारा इस मामले में कोताही बरती जा रही है। इधर शहर के बड़े-बड़े नाले व नालिया कचरा-गंदगी से भरकर बजबजा रहे है। लेकिन इनकी साफ-सफाई की ओर निगम का जरा भी ध्यान नहीं जा रहा।

शहर व्यस्ततम मार्गों में शुमार नंदई चौक का नाला मानो महिने से कचरा-गंदगी से भर कर बजबजा रहा है। आलम यह है कि नाले की गंदगी से उठने वाली सडांध से आसपास के लोग वहां पर बैठने की हिम्मत नहीं दिखा रहे है। आवागमन करने वालों को उक्त संडाध वाली प्रदूषित हवा परेशान करती है। आसपास के लोगों ने बताया कि नगर निगम आज तक उक्त बड़े नाले का गंदा पानी पास करने का मार्ग नहीं निकाल पाया है। इसी तरह शहर के सुनार पारा वाली बड़ी पुलिया कचरा गंदगी से भरी पड़ी है। नाले में गाद भरे होने से बहने वाला काला गंदा पानी बदबू मारता है।

### जलमग्न की स्थिति

बता दे कि बारिश में जहां निचली बस्तियां टापू में तब्दील हो जाती है वही उपरी इलाकों में नाले के गंदगी से पूरा भरे होने से आसपास के घरों में नाले का गंदा पानी घुस जाता है। गंज चौक का बड़ा नाला बारिश में अपनी सीमाएं तोड़कर कचरा-गंदगी के साथ सड़क में बहने लगता है। बसंतपुर स्थित जिला चिकित्सालय का नाला बारिश के दिनों में ओवरफ्लो होकर बहने लगता है। इससे जिला चिकित्सालय परिसर में जलमग्न की स्थिति बन आती है। नाले का गंदा पानी हास्पिटल के अंदर प्रवेश कर जाता है जिसमें सांप व अन्य जीव तैरते नजर आते है। राजीव नगर बसंतपुर के वार्ड पार्षद ऋषि शास्त्री ने बारिश पूर्व उक्त नाले की समुचित सफाई की मांग की है। इसी तरह रामनगर, मोतीपुर के नागरिको ने कीचड़ से बचने नाली की सफाई व निर्माण की मांग की है।





**नालों की युद्ध स्तर पर सफाई शुरू नहीं.... बारिश में होती है जलमग्न की स्थिति**

### चरणबद्ध सफाई

इधर निगम की अफसरों की माने तो कहा जा रहा है कि बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाले-नालियों की सफाई कार्य किया जाना है। जिससे फरवरी माह से काम शुरू कर दिया गया है। आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य का अमला प्रतिदिन नाला सफाई मेनुवल व जेसीबी के माध्यम से कर रहे है।

कार्यों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। तब दैनिक दावा के फोटो ग्राफर द्वारा शहर के बजबजाते नाले नालियों का खीचे गए फोटो क्या हकीकत को बयान नहीं कर रहा। अतः समझ में आ रहा है कि निगम द्वारा कथित रूप से बारिश पूर्व नाले-नालियों की सफाई के लिए छेड़े गए अभियान चलताऊ तरह का है। कचरा-गंदगी से भरे पड़े बजबजाते बदबूदार नाले-नालियां अपनी साफ-सफाई के इंतजार में है ताकि वे बारिश के दिनों में अपनी सीमा तोड़ कचरा-गंदगी के साथ सड़क पर आ कर ना बहे। शहर की सड़कों सहित निचली बस्तियों में जलमग्न की स्थिति न बन पड़े।

# युवक ने लगाई फांसी: मौत

**मामला लखोली संजय नगर क्षेत्र का... जांच में जुटी पुलिस**

राजनांदगांव (दावा)। बीते दिनों लखोली संजय नगर वार्ड नं. 36 स्थित बाड़ी में अपने परिवार के साथ निवास करने वाले सब्जी व्यवसायी व्यक्ति व उसकी पत्नी पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया था। जंगली सुअर ने पति-पत्नी को नोंच खाया था। जिसका इलाज श्रीराम हास्पिटल में हुआ। उक्त 45 वर्षीय व्यक्ति घनश्याम सोनकर ने अज्ञात कारणों से अपने उक्त बाड़ी में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

कोतवाली पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार संजय नगर निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति द्वारा फांसी लगा लेने की घटना 27 मई सोमवार सुबह साढ़े-आठ बजे की है। घटना की सूचना मोतीलाल सोनकर द्वारा थाने आकर दी गई। मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों की अंतिम संस्कार हेतु सौंप दिया गया है और फांसी लगा लेने से हुई मौत के सम्बंध में मर्ग कायम कर आगे की जांच में ले लिया गया है। शाम को पीएम पश्चात लाश को उसके परिजनों को सौंप दिया गया जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में कर दिया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घनश्याम और उसकी पत्नी सरिता सोनकर संजय नगर स्थित बाड़ी में रहा करते थे। जंगली सुअर के हमले के बाद दोनों उपचार करवाने के पश्चात अपने परिवार वालों के साथ बांडी में ही रहा करते थे। कुछ दिनों पूर्व उसके बेटे-बहु उन्हें छोड़कर कही अलग रहने बसने चले गए। बाड़ी में केवल वे पति-पत्नी रहा करते थे। कुछ दिनों बाद उसकी पत्नी सरिता सोनकर अपने नंदई स्थित मायके चली गई है। घनश्याम सोनकर अपने बाड़ी में अकेले ही था। बताया जाता है कि सुबह वह बाड़ी में काम कर रहा था। अचानक उसे क्या सूझी वह बाड़ी स्थित घर में जाकर फांसी लगा लिया।

# जिला प्रशासन की पहल पर कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका विशेष अभियान प्रारंभ



**बच्चों में कुपोषण मुक्ति और किशोरी बालिकाओं तथा महिलाओं के स्वास्थ्य के स्तर में सुधार के लिए दिल से काम करने की जरूरत - कलेक्टर**

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन की पहल पर कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका विशेष अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके लिए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में छुरिया, डोंगरगांव और राजनांदगांव विकासखंड में अभियान के संचालन के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को बच्चों में कुपोषण मुक्ति और किशोरी बालिकाओं तथा महिलाओं के स्वास्थ्य के स्तर में सुधार के लिए दिल से काम करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य को समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी मानते हुए समुदाय के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले के कुपोषित बच्चे को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जनसहभागिता से सघन अभियान चलाकर यह कार्य किया जायेगा। उन्होंने महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को प्रति शुक्रवार स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी देने के लिए कहा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के नेतृत्व एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में यह विशेष अभियान चिन्हांकित क्षेत्रों में सघन तौर पर चलाया जाएगा। कुपोषण मुक्ति के इस अभियान में यूनिसेफ, एबिस तथा जिले के अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी सहयोग किया जाएगा। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को इस अभियान से जुडऩे के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस कार्यक्रम में उनके दायित्वों की जानकारी दी गई तथा जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों को संयुक्त प्रयास के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रशिक्षण में संबंधित विकासखंडों के महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, सुपरवाइजर और एनआरएलएम के पदाधिकारी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में एबीस और यूनिसेफ के सहयोग से अभियान प्रारंभ करने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूनिसेफ से पोषण विशेषज्ञ सुश्री रीमा कुमारी, श्री महेंद्र तथा श्री चंदन द्वारा प्रशिक्षणार्थी को कुपोषण, उसके कारण और दुष्परिणाम तथा कुपोषण मुक्ति के लिए किए जाने हेतु कार्य योजना पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही समुदाय से किस प्रकार परिचर्चा की जाए और माताओं से किस तरह काउसलिंग की जानी है, इस पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में समुदाय स्तर पर कुपोषण रोकथाम की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण के पश्चात इन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मैदानी स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# जिला सतनामी समिति में सदस्यता अभियान जारी

राजनांदगांव (दावा)। जिला सतनामी सेवा समिति द्वारा सतनाम भवन में 26 मई को दोपहर 11 बजे से आवश्यक बैठक आहूत कर आगामी दिनों जिला सतनामी सेवा समिति का निर्वाचन के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिला सतनामी सेवा समिति के संरक्षकगण, आजीवन सदस्य, पूर्व अध्यक्ष व पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला सतनामी सेवा समिति का चुनाव कैसे हो इस संबंध में सहमति बनी।

अध्यक्ष सूर्यकुमार खिलारी ने बताया कि जो भी सामाजिक व्यक्ति इस समिति के सदस्य बनना चाहते हैं वे जिला मुख्यालय में स्वयं 2 पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, मोबाईल नंबर देकर सामान्य सदस्य तीन वर्ष के लिए 100 रू. आजीवन सदस्य के लिए 1000 रू. तथा संरक्षक सदस्य के लिए 5000 रू. की राशि देकर समिति का सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। इसी तरह सभी ब्लाकों में ब्लाक अध्यक्षों द्वारा ब्लाक मुख्यालय में दिनांक 10.06.2024 तक सदस्य बनाने के लिए समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। छुरिया ब्लाक के समाज के सदस्य भोलापुर में जाकर अपनी सदस्यता ब्लाक अध्यक्ष के पास सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।

इस अवसर पर निर्वाचन पदाधिकारियों पर नामों पर चर्चा हुई। चुनाव जिला सतनामी सेवा समिति मुख्यालय राजनांदगांव में होगी ऐसी सहमति बनी। इस अवसर पर जिला सतनामी सेवा समिति के संरक्षक श्री धनेश पाटिला, रामजी भारती, शोभाराम बघेल, एच.एन. सोनेश्वरी, लोकनाथ भारती, रिखीराम गेण्ड्रे, पंकज बांधव, शिशुपाल भारती, डॉ थानेश्वर पाटिला, गोपीराम गायकवाड़, आत्माराम रात्रे, विरेन्द्र मुक्ति, दीपक टंडन, पी.आर.देशलहरा, प्रो. जीपी रात्रे, विजय राय, अजय मारकंडे, मनहरण लहरे, शिवप्रसाद जोशी, पंचराम चंदेल, रमेश महिलांगे, मलखम कोसरे, खुमान देशलहरा, किशन दास जोशी, पारस चंदनिया, एस.एल. चतुर्वेदी, ईश्वर जोशी, जगेश्वरी लहरे, कमलेश्वर सांडिल्य, अभिषेक पाटिला, संजय कुर्रे, रिषीराय खरे, सुरेश कुमार गेण्ड्रे, रतन डिण्डी, वासुदेव जोशी, संत संपतलाल, संत मनहरण, प्रकाश मारकंडे, संजीव बंजारे, अमित खरे, कृष्णा रात्रे सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी तामेश्वर बंजारे ने दी।

# गर्मी में समर कैंप का संयुक्त शिक्षक संघ ने किया विरोध

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलेश रामटेके ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 मई से 15 जून तक प्रदेश के समस्त विद्यालयों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है.

इस अवकाश में भी विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण एवं समर कैंप लगाने के आदेश के कारण शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण शिक्षकों में आक्रोश है. शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य विभागों में शनिवार को भी अवकाश प्रदान किया जाता है इस तरह अन्य विभागीय कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 52 दिनों का अवकाश मिल रहा है जबकि शालाओं में कार्य करने वाले शिक्षकों को किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं मिलता है ऊपर से भरी गर्मी में समर कैंप लगाने का आदेश जारी करना समझ से परे हैं। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भीषण गर्मी को देखते हुए 30 अप्रैल के पहले स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी थी इसके विपरीत भीषण गर्मी में समर कैंप एवं अन्य गतिविधियों के लिए विभाग द्वारा आदेश जारी करना हास्यास्पद है। भीषण गर्मी में शिक्षकों के ऊपर दबाव बनाकर समर कैंप लगवाना बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिला राजनांदगांव इस प्रकार के तुगलकी फरमान का कड़ा विरोध करता है।

## सत्यानंद योगाश्रम में शिविर 3 जून से




राजनांदगांव (दावा)। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रेरक आयोजक सत्यानंद योगाश्रम राजनांदगाँव के द्वारा 3 जून सोमवार 2024 से 8 जून शनिवार 2024 समयः प्रातः 7 से शाम 5.30 बजे स्थान सत्यानंद योगाश्रम राजनांदगाँव में आयु वर्ग 7 से 15 साल के बच्चों के लिए किया जायेगा। स्थान सीमित होने की वजह से कृपया नामांकन शीघ्र करवा लें। पंजीयन हेतु दिए नंबर पर 8435300333 व 9355239596 संपर्क करें।

# रेलवे स्टेशनों व रेल गाड़ियों में विशेष टिकट जांच अभियान

## 20 दिनों में धूम्रपान के 27 तथा गंदगी फैलाने वाले 306 मामले दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के अगुवाई में टिकट निरीक्षकों, वाणिज्य निरीक्षकों आदि के सहयोग से मण्डल के विभिन्न खण्ड से गुरजने वाली यात्री गाड़ियों तथा रेल्वे स्टेशनों में दिनांक 01.05.24 से 20.05.24 तक चलाये गए विभिन्न प्रकार के टिकट जांच अभियानों के अंतर्गत बिना टिकट, अनियमित यात्रा तथा बिना बुक किए गए लगेज के 23,549 मामले दर्ज कर कुल रु.1 करोड़ 2 लाख 11 हजार 790 वहीं अन्य 5678 विविध मामलों से रु.17,87,685 वसूले गए। इस के अतिरिक्त धूम्रपान के 27 मामलें दर्ज कर दंड स्वरूप रु. 5400 रु. वसूले गए। वहीं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले कुल 306 यात्रियों के विरुद्ध रेल नियम के तहत कार्रवाई कर रु.31,050 दंड स्वरूप राशि वसूले गए। मण्डल द्वारा अनियमित और बिना टिकट यात्रियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नियमित रूप से स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाए जा रहे है।

अतः यात्रियों से निवेदन है कि वे यात्रा के दौरान उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करे ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार कि परेशानी का सामना न करना पड़े। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने सभी यात्रियों व आगंतुकों से स्टेशन परिसर एवं डिब्बों को स्वच्छ रखने, कूड़ा-कचरा निर्धारित कूड़ादान में डालने, रेल नियमों का पालन करने एवं जारी विकास कार्यों में रेल प्रशासन को सहयोग देने की अपील की।

# आसरा में गौ सेवक स्व. गजुरूराम साहू की स्मृति में आठ ग्रामों में 36 कोटने समर्पित



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार श्रद्धांजलि के तत्वाधान में ग्राम आटरा के शहीद छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वर्ण पदक से सम्मानित गौ सेवक स्व. गजुरूराम साहू की स्मृति में सूखा ग्रस्त (ड्राई) आठ ग्रामों में 36 कोटने में जल भरकर उन्हें समर्पित किया।

संस्कार श्रद्धांजलि के तत्वाधान में ग्राम आटरा के शहीद छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वर्ण पदक से सम्मानित गौ सेवक स्व गजुरूराम साहू की स्मृति में सुखा ग्रस्त (ड्राई) आठ ग्रामों में 36 कोटने में जल भरकर उन्हे समर्पित किया। संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया की महाराष्ट्र सीमा से सटे छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर स्थित गांव आटरा के रास्ते से बड़ी संख्या में गो तस्करी होती थी जिसे गजरुराम साहू द्वारा रोक लिया जाता था। गो तस्करो के लिए गजरुराम साहू लंबे समय से एक बहुत बड़े अवरोध बने हुए थे जिसे तस्करो ने 13मार्च 2003में अपनी वाहन से कुचल कर मार दिया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हें मृत्यउपरांत प्रथम गौ सेवक स्वर्ण पदक से सम्मानित भी किया है। संस्था ने इस बार उनके बलिदान का पुण्य स्मरण करते हुए मृत्यु स्थल वाले स्थान से कोटने से जल भरकर आसपास के सुखा ग्रस्त ग्राम आटरा भकुर्रा कल्लू बंजारी बुचाटोला टिपनगड़ सहित आसपास के ग्रामो में 36कोटने जल भरकर स्थापित किए।

इस दोरान इन कोटनो को सुरक्षित रखने पूर्व सरपंच बलराम साहू पूरनलाल मंडावी बालकिशन साहू भुनेश्वर साहू नेमीचंद यादव ओमप्रकाश पटेल अशोक चंद्रवंशी महेश पटेल जगदीश साहू हेमंत पटेल नरसिह साहू भूषण साहू गुमान साहू धनेश कुमार सहित उपस्थित नागरिकों ने इन कोटने में नियमित जल भरने की प्रतिज्ञा ली।

# भारतीय मजदूर संघ के लाखन सिंह अध्यक्ष व नरेश साहू जिला मंत्री बने

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मजदूर संघ द्वारा जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि इस दौरान सर्वसम्मित से जिला इकाई का चुनाव किया गया, जिसमें बिजली विभाग में कार्यरत् लाखन सिंह कुशवाहा को जिला अध्यक्ष एवं छुरिया निवासी नरेश कुमार साहू को जिला मंत्री का दायित्व दिया गया। अन्य पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष कुहुपदास साहू, उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा व केशव सिन्हा, सहमंत्री जयप्रकाश साहू व ठाकुर राम यादव, कोषाध्यक्ष श्रीमती निर्मला साहू इसी प्रकार महिला विभाग प्रमुख श्रीमती भारती शर्मा, मीडिया प्रभारी गोपालदास साहू, पर्यावरण प्रमुख जयप्रकाश साहू तथा कार्यसमिति में श्रीमती बबीता बाघमारे, श्रीमती संध्या हुमने, पोदास सार्वा, मिंटू साहू, बिरेन्द्र देवांगन, मुकुट साहू, यशवंत ठाकुर, चेतन साहू व राजेन्द्र निषाद के नाम शामिल किये गये। बैठक में भामस की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अलका बारसागढ़े व हरिशंकर चतुर्वेदी उपस्थित थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भामसं कार्यकर्ता व महिलायें शामिल हुई।

## श्रीमति रुपा बाई डडसेना का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। दबंग कांग्रेस नेत्री पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमति रूपा बाई डडसेना का आकस्मिक निधन हो गया है। क्षेत्रवासियों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## राईस मिलर रोशन चंद्राकर की रिमांड 14 दिन बढ़ी

रायपुर (आरएनएस)। करोड़ों के कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन घोटाले के आरोपी राइस मिलर रोशन चंद्राकर को कोर्ट ने 10 जून तक ईडी की रिमांड पर दे दिया है।

चार दिन पहले रिमांड खत्म होने पर ईडी ने सोमवार को विशेष न्यायालय में पेश किया था। और आगे की पूछताछ के लिए रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। दोनों पक्षों के वकीलों की दलील सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने 14 दिन के लिए 10 जून तक ईडी को कस्टोडियल रिमांड दे दी है।

## शुभांक

अनुमानित

बी. के

1-6-7

370-0 578-0

राजधानी

2-5-7

235-0 125-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोफिया अकरम पिता स्व. मोहम्मद आगा अकरम निवासी जय स्तंभ चौक, जूनी हटरी, राजनांदगांव का रहने वाली हूं। मैं अपने नाम सोफिया अकरम को परिवर्तित कर सोफिया आगा अकरम कर ली हूं। अतः भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में नया नाम दर्ज किया जाये।

मुझे अब उक्त नये नाम से सोफिया आगा अकरम से पुकारा जाये व जाना पहचाना जाये। सूचना जाने।

शपथकर्त्ता -
**सोफिया आगा अकरम**
जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी
राजनांदगांव (छ.ग.)

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अरशद अकरम पिता स्व. मोहम्मद आगा अकरम निवासी जय स्तंभ चौक, जूनी हटरी, राजनांदगांव का रहने वाला हूं। मैं अपने नाम मोहम्मद अरशद अकरम को परिवर्तित कर मोहम्मद अरशद आगा अकरम कर लिया हूं। अतः भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में नया नाम दर्ज किया जाये।

मुझे अब उक्त नये नाम से मोहम्मद अरशद आगा अकरम से पुकारा जाये व जाना पहचाना जाये। सूचना जाने।

शपथकर्त्ता -
**मोहम्मद अरशद आगा अकरम**
जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी
राजनांदगांव (छ.ग.)

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संजय साहू द्वारा श्रीमान तहसीलदार महोदय राजनांदगांव द्वारा पारित दिनांक 31.08.2021 एवं 22.07.2021 प्र.क्र. 00023/121/2023 तथा प्र.क्र. 700084 अ/06/2023 को श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजनांदगांव के समक्ष अपील में चुनौती प्रदान किया, जिसमें चंद्रा कालोनी स्थित मकान व कौरिनभाठा स्टेडियम रोड स्थित प्लाट क्रमांक क्रमशः 464/5, 447/7 व ग्राम मनकी पटवारी हल्का नंबर 32, तह. व जि.- राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 1/9, जिनका रकबा क्रमशः 0.016 हे., 0.0220 हे. व 0.020 हे. स्थित भूमि को विक्रय किये जाने का प्रयास कनक साहू व उसके पिता द्वारा किया जा रहा है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि स्व. श्रीमती रेणुका साहू के द्वारा मकान व प्लाट का वसीयतनामा अपने छोटे भाई संजय साहू के पक्ष में तहरीर कर समक्ष गवाहन के निष्पादित किया गया है।

उक्त आम सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि ऊपर वर्णित प्लाट व भूमि के तारतम्य में किसी भी तरह का कोई सम व्यवहार न करें। उक्त आम सूचना के प्रकाशन के उपरांत किसी व्यक्ति संस्थान, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय के द्वारा समव्यवहार किया जाता है तो इस आम सूचना के समक्ष नाजायज एवं झूठा माना जावेगा, जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी प्रभाव नहीं रखेगा। अतएव सूचना जाने

भवदीय
**देवेन्द्र कुमार साव**
अधिवक्ता
राजनांदगांव (छ.ग.)

राज. छ.ग.
दिनांक 27.05.2024
मो. नं. 9754040600

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सर्वेश्वर दास आ. फगुवाराम है।

अतः मैं अपना पुराना नाम नंदनी देवदास आ. सर्वेश्वरदास राकेश को बदलकर सर्वेश्वर दास आ. फगुवाराम रख लिया हूं। जिसे गजट प्रकाशन करवाना चाहता हूँ।

उक्त मेरे द्वारा नाम परिवर्तन में दिये गये सभी जानकारी सही व सत्य है। तथा भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सर्वेश्वर दास आ. फगुवाराम के जाना व पहचाना जावे।

उक्ताशय के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**सर्वेश्वर दास**
आ. फगुवाराम
निवासी-खैरझिटी तहसील व जिला-राजनांदगांव छ.ग.


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
25th to 30th May 2024
silver SCREEN




Furiosa A Mad Max Saga (Hindi) - 06:30 & 09:30 pm
Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00 and 09:00 pm
Bhaiyya Ji (Hindi) - 12:15 and 03:15 pm
Shrikanth - 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# मतगणना कक्ष में शांति व्यवस्था बनाये रखें - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव की मतगणना के लिए तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित किया गया है। मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना कक्ष में शांति व्यवस्था बनाये रखने कहा। जिससे मतगणना कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन गणना अभिकर्ता की नियुक्ति जिस विधानसभा गणना कक्ष के लिए हुई है उसी गणना कक्ष में बैठना सुनिश्चित करेंगे। मतगणना कक्ष के द्वार पर शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि तथा उद्घोषणा हेतु एक पृथक हॉल रखा गया है। जहाँ चक्रवार मतगणना के परिणाम से अवगत कराया जायेगा।

**○ मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, कैमरा, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण सहित पान, बिड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ रहेगा प्रतिबंधित**



कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है। सबसे भीतरी स्तर पर केन्द्रीय पुलिस बल, मध्य स्तर पर विशेष सशस्त्र बल तथा सबसे बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधियों को कृषि उपज मण्डी प्रांगण से होकर प्रवेश करना है। मतगणना में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी फल मण्डी की ओर से प्रवेश करेंगे। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु पृथक-पृथक रंगों के परिचय पत्र जारी किये गये हैं। गणना अभिकर्ताओं हेतु सफेद रंग का परिचय पत्र जारी किया गया है। जिसे मतगणना के दिन लगाकर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता को पूर्व में जारी किये गये परिचय पत्र के आधार पर प्रवेश की पात्रता होगी। मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, कैमरा, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान, बिड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल, 2 एआरओ टेबल पर एक-एक गणना अभिकर्ता नियुक्त करने हेतु फार्म 18 में 31 मई 2024 के पूर्व संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया तथा 72-कवर्धा हेतु 21 टेबल, 3 एआरओ टेबल लगाये गये हैं। इसके लिए गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के मंत्री, संसद सदस्य या विधानसभा सदस्य, नगर पालिका के मेयर या जिला परिषद, पंचायत संघ के चेयर पर्सन, केन्द्रीय उपक्रमों, राज्य उपक्रमों, सरकारी निकायों, निगम के चेयर पर्सन और सदस्य, सरकार से सालाना वेतन पाने वाले या किसी भी सरकार से सहायता प्राप्त संस्थान में पार्ट टाईम काम करने वाले व्यक्ति, पैरा मेडिकल स्वास्थ्य स्टॉफ, आगनबाड़ी कर्मचारी, उचित मूल्य दुकान के डीलर, सरकारी सेवा में होने वाला व्यक्ति, केन्द्र अथवा राज्य द्वारा सुरक्षा कवर प्राप्त व्यक्ति गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

**○ नियुक्त गणना अभिकर्ता निर्धारित गणना कक्ष में ही बैठेंगे**
**○ गणना अभिकर्ता नियुक्त करने 31 मई तक कर सकते हैं आवेदन**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि डाक मतपत्र की गणना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुख्यालय राजनांदगांव में होगी। डाक मतपत्र की गणना हेतु 4 चार टेबल लगाये जायेंगे। सेवा निर्वाचकों से प्राप्त डाक मतपत्रों की स्कैनिंग सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जायेगी। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने गणना अभिकर्ता हेतु पेयजल एवं भोजन की आपूर्ति करने हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए 2-2 प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुमति दी जायेगी। प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष तथा पोस्टल बैलेट कक्ष में सीसीटीव्ही कैमरा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 4 जून 2024 को सुबह 6 बजे जिला कोषालय राजनांदगांव स्थित डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम खोले जाने तथा डाक मतपत्रों को सीलबंद बॉक्स में मतगणना स्थल तक परिवहन किये जाने की सूचना सभी अभ्यर्थियों को दी गई है। ईव्हीएम स्ट्रांग रूम सुबह 7 बजे खोला जाएगा।

जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को दी गई है। मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया गया है। मतगणना स्थल पर मतगणना दिवस को धारा 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत गोपनीयता बनाये रखने की शपथ मतगणना में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं को लेना होगा। विधानसभा क्षेत्र 71 - पंडरिया में 19 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 72 - कवर्धा में 20 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 73 - खैरागढ़ में 21 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अजा) में 20 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 75 - राजनांदगांव में 16 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 76 - डोंगरगांव में 18 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 77-खुज्जी में 19 राउण्ड एवं विधानसभा क्षेत्र 78 - मोहला-मानपुर में 17 राउण्ड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के लिए आदर्श कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड कवर्धा में मतगणना किया जाएगा। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस पिपरिया खैरागढ़ में मतगणना किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में मतगणना किया जाएगा तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के लिए शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में मतगणना की जाएगी।

मतगणना की तैयारियों के संबंध में मॉक ड्रील जिला कबीरधाम में 3 जून 2024 को अपरांह 4 बजे, जिला राजनांदगांव, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 2 जून 2024 को सुबह 7 बजे से संबंधित मतगणना स्थल पर की जाएगी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सुरेश एच लाल, रमेश पटेल, अरूण शुक्ला, रूपेश दुबे, दिनेश शर्मा, फरमान अली, जितेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भूमिक्षा साहू ने अपने बसंतपुर हॉकी ग्राउंड में बच्चों को बांटी हॉकी स्टिक



राजनांदगांव (दावा)। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भूमिक्षा साहू अपने पारिवारिक कार्यक्रम में राजनांदगांव आई हुई थी जो कि वर्तमान में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ग्वालियर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है । उन्होंने विगत वर्ष 4 नेशन अंडर 21 हॉकी टूर्नामेंट जर्मनी में जूनियर इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व कर चुकी है इसी के साथ ही मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी की ओर नीदरलैंड, और बेल्जियम में भी अपना परचम लहरा चुकी है।

जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि भूमिक्षा साहू ने अपने हॉकी खेल के शुरुवात इसी बसन्तपुर हॉकी ग्राउंड से की थी। राजनांदगांव आने पर बसंतपुर स्कूल ग्राउंड में बच्चों को हॉकी खेलते देख तुरन्त अपने तरफ से 30 हॉकी स्टिक मंगाकर आज बच्चों को वितरित की। भूमिक्षा की इस पहल से जिला हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता के साथ अन्य लोगों ने भूमिक्षा को बधाई दी एवं बच्चों के साथ भूमिक्षा की भी उज्जत भविष्य की कामना की।

## छुट्टियां नहीं मिलने से खफा एफसीआई के हमालों ने ठेकेदारों पर मनमानी का आरोप

**सांसद संतोष पांडे पहुंचे मध्यस्था करने... बातचीत का मार्ग किया प्रशस्त**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के राम दरबार चौक स्थित एफसीआई गोदाम के हमालों ने छुट्टी नहीं मिलने से नाराज होकर एफसीआई गोदाम में हल्ला बोल दिया है। हमालों का आरोप है कि ठेकेदारों की मनमानी के चलते सप्ताह में उन्हें छुट्टियां नहीं मिलती। इस दौरान मौके पर पहुंचे सांसद संतोष पांडेने हमालों की पूरी बात सुनकर ठेकेदारों के बीच मध्यस्था की व हमालों व ठेकेदारों के साथ बातचीत का मार्ग प्रशस्त किया।

बताया जा रहा है कि हमाल व ठेकेदार के बीच उत्पन्न हुई मतभेद की स्थिति को मिल बैठकर सुलझा लिया जाएगा। एफसीआई गोदाम में ठेकेदारों के अंदर काम करने वाले मजदूरों का कहना है कि सप्ताह में भी उन्हें काम से अवकाश नहीं मिल रहा। ठेकेदार नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी काम ले रहे है। इसमें उन्हें थोड़ा भी आराम के लिए समय नहीं मिलता। ठेकेदार किसी भी समय काम पर बुला लेता है। इससे गुस्साए हमालों के एक गैंग ने हड़ताल कर सड़क पर उतर गए। बताया जाता है कि छुट्टी लेने पर पैसा काट दिया जाता है। रेक रहे या न रहे हमालों को काम में बुला लिया जाता है। इससे वे भड़के हुए थे।

## साहित्य मनीषी बख्शी जी की जयंती पर कृतज्ञता पूर्वक किया गया याद



**दिग्विजय महाविद्यालय परिवार ने साहित्यकारों के साथ श्रद्धा पुष्प अर्पित कर किया नमन**

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दी साहित्याकाश के जगमगाते नक्षत्र एवं द्विवेद्वी युगीन साहित्य मनीषि पदुमलाल पूना लाल बख्शी जी की 130 वीं जयंती पर दिग्विजय महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें कृतज्ञता पूर्वक स्मरण किया गया और उन्हें नगर के साहित्यकारों के साथ श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर बख्शी जी के व्यक्तित्व व कृतत्व पर चर्चा की गई। दिग्विजय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. अंजना ठाकुर, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय, डॉ. बी.एन. जागृत, नगर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं छ.ग. राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य', रजिस्ट्रार दीपक परगनिया, डॉ. संतोष कुमार उइके, अमलेन्दू हाजरा, गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', पूर्व पार्षद मोहन लाला देबू, डॉ. प्रवीण कुमार साहू, द्विवेन्द्र भोला बख्शी, नागेश श्रीवास्तव आदि जनों ने प्रातः 10 बजे दिग्विजय कालेज समीप त्रिवेणी परिसर स्थित डॉ. पदुम लाल पूना लाल बख्शी की आवक्ष प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और हिन्दी जगत को दिए गए उनके अमूल्य अवदान विस्तृत चर्चा की।



दिग्विजय कालेज गौरवान्वित

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. अंजना ठाकुर ने कहा साहित्यकार हमारे मार्गदर्शक होते है। बख्शी जी इस संस्था के प्राध्यापक रहे यह हमारे लिए गौरव की बात है। हमारा कालेज भी इससे गौरवान्वित है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकरमुनि राय ने कहा कि हिन्दी साहित्य के दैदीप्यमान नक्षत्र और सरस्वती पत्रिका के संपादक रहे श्री बख्शी जी को याद करना अपने पुरखों को याद करना जैसा है। नगर के वरिष्ठ कवि/साहित्यकार एवं पत्रकार आत्माराम कोशा ने कहा कि छत्तीसगढिया परिवेश व छत्तीसगढ़ी जीवन जीने वाले मूर्धन्य साहित्यकार बख्शी जी ने छत्तीसगढ़ की आत्मा का काफी निकट पहचाना था। उनके लिखे सह-लेख छत्तीसगढ़ की आत्मा से प्रभावित होकर सुप्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था चन्दैनी गोदा के संचालक/रंगकर्मी डॉ. रामचन्द्र देशमुख ने 'कारी' नामक नाटक का सृजन किया और उसकी सैकड़ों प्रस्तुति देकर जन-जन का मनमोह लिया था। रंगकर्मी द्विवेन्द्र भोला बख्शी ने अपने पूज्य दादाजी को 130 वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा बख्शी जी पर सायकाल साहित्यिक गोष्ठी व संस्मरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से बख्शी जी की नातिन डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, संस्कृत के आचार्य महेश चन्द्र शर्मा, डॉ. जीवन यदु 'राही', डॉ. दादू लाल जोशी, प्रो. के.के. द्विवेदी, कुबेर साहू, अशोक चौधरी, डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा, राकेश इन्दूभूषण ठाकुर , ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' सहित बड़ी संख्या में कवि/ साहित्यकार व पुष्पांजलि कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की बसंती देशलहरे, आरती बोरकर, पदमा आदि स्टॉफ के लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अमलेंदू हाजरा ने किया।

## खाताधारकों के 84 लाख रुपये गबन करने वाला एचडीएफसी बैंक मैनेजर गिरफ्तार, साथी फरार

धमतरी। धमतरी में खाताधारकों के करीब एक करोड़ 84 लाख रुपये गबन करने वाले एचडीएफसी बैंक मैनेजर को कुरूद थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है।



पूरा मामला कुरूद विकासखंड में स्थित एचडीएफसी बैंक का है। बताया जा रहा है कि कुरूद स्थित एचडीएफसी बैंक के तत्कालीन बैंक मैनेजर श्रीकांत टेनेटी ने अपने कर्मचारी तेजेंद्र साहू के साथ मिलकर 20 से ज्यादा खाताधारकों के खाते से लाखों रुपये निकाल लिए। जब इसकी जानकारी खाताधारकों को हुई तो मैनेजर से मिलने बैंक पंहुचे, लेकिन बैंक मैनेजर खाताधारकों को गोलमोल जवाब देने लगा, जिसके बाद खाता धारकों ने इसकी शिकायत कुरूद थाने में की।

मामले की जांच के बाद पुलिस ने बैंक मैनेजर और एक कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। मामला दर्ज होने के बाद से बैंक मैनेजर और उसका सहयोगी फरार था। वहीं, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बैंक मैनेजर को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लाया गया है। पुलिस की माने तो खाते से निकाले गए राशि को दोनों कर्मचारी ने आपस में बांट लिए थे। साथ ही उस रकम से जमीन भी खरीद लिए है। बहरहाल पुलिस आरोपी बैंक मैनेजर को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## प्रदेश में आज से हीट वेव का अलर्ट

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में में इस समय झुलसा देने वाली गर्मी की चपेट में है। नवतपा शुरू होने के बाद मौसम गर्मी अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। नवतपा के दूसरे मौसम विभाग ने ग्रीष्मलहर चलने की यलो अलर्ट की चेतावनी दी है। इसलिए आगे भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। 45 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंचने की संभावना मौसम विभाग जता रहे हैं। इसलिए आप गर्मी को लेकर विशेष सावधानी बरतें।

मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन से चार दिन लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। इस दौरान तापमान और बढ़ने की संभावना है। पारा 46 डिग्री से भी ऊपर जा सकती है। इससे लोगों को गर्मी और ज्यादा सताएगी। साथ ही चार दिनों के लिए ग्रीष्मलहर चलने की चेतावनी भी दी है। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें, नहीं तो तेज गर्मी के कारण आप लू के चपेट में आ सकते हैं। बाहर निकलने पर स्कार्फ का उपयोग करें। मौसम विभाग की मानें तो 27 व 28 मई को इस सीजन के अपने सबसे चरम सीमा पर जिले का तापमान रहने की संभावना है।मौसम विभाग ने गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, दुर्ग, राजनंदगांव, मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिले में हीट वेव चलेगी।

## लेबर कालोनी व तुलसीपुर क्षेत्र में निगम आयुक्त ने सुबह सफाई व निर्माण कार्य का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। निगम के अधिकारी प्रतिदिन सुबह साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का वार्डो मे निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने तथा सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिये संबंधित को निर्देशित कर रहे है। निरीक्षण की कड़ी में आज निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता वार्ड नं. 16 लेबर कालोनी एवं वार्ड नं. 17 तुलसीपुर क्षेत्र में सफाई एवं निर्माण का जायजा लेकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता राम मंदिर के पीछे स्थित एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा देख घर से ही गीला सुखा अलग अलग कचरा लेने स्वच्छता दीदीयों को निर्देशित किये। उन्होंने सेन्टर प्रभारी से कहा कि लोगों को अलग अलग कचरा देने समझाईस देवे, समय में कचरा का निपटान करे। उन्होंने लेबर कालोनी तथा तुलसीपुर क्षेत्र, सिविल लाईन में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच कर अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी ली, और कहा कि स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड प्रभारी प्रतिदिन सफाई की मानिटरिंग करे और निर्धारित समय तक सफाई करावे, अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे। उन्होने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने, पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखने, दरवाजा मरम्मत करने संचालक को निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता लेबर कालोनी तुलसीपुर क्षेत्र में निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान लेबर कालोनी में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन, उद्यान तथा ठा.प्यारेलाल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष के अलावा बख्तावर चाल में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण देख कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि सिविल लाईन पानी टंकी के सामने लाईन में पेवर ब्लाक लगाने स्टिमेंट तैयार करे तथा अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता दीपक महला व अनुप पाण्डे, वरिष्ठि स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## भारतीय मजदूर संघ वंचित वर्गो के लिये संघर्ष करता है - दिनेश पांडे



राजनांदगांव(दावा)। भारतीय मजदूर संघ के जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक पिछले दिनों दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक में संपन्न हुई। बैठक में जिलेभर में कार्यरत भामस से संबद्ध यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थें। बैठक को संबोधित करते हुये भामस के प्रदेश महामंत्री दिनेश पाण्डेय ने कहा कि भामस देश के वंचित वर्गो के बीच जाकर उन्हे संगठित कर उनके लिये संघर्ष करता है। यही वजह है कि देश में भारतीय मजदूर संघ मजदूरों व कर्मचारियों का सबसे बड़ा संगठन बनकर उभरा है। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि देश में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की एक बड़ी संख्या कार्यरत् है, देश की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का माना गया है। वास्तव में ट्रेड यूनियन अधिकारों के लिये इनके बीच जाकर संघर्ष करने की आज की महती आवश्यकता है, जिसे भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य कर रहे है। उन्होनें कहा कि श्रम कानूनों का असंगठित क्षेत्र में व्यापक उल्लंघन हो रहा है, न इन्हे न्यूनतम मजदूरी मिल पा रही है और न ही इनके सामाजिक सुरक्षा की कोई सुव्यवस्थित योजना है। इतना जरूर हुआ कि भारतीय मजदूर संघ के इस क्षेत्र में संघर्ष की वजह से मजदूरों के लिये सामाजिक सुरक्षा की कुछ योजनायें जरूर संचालित हो रही है, किन्तु यह वर्तमान दौर में नाकाफी है। मजदूरों के सामाजिक सुरक्षा के लिये भारतीय मजदूर संघ देशभर में सघर्षरत् है और इसके सुपरिणाम जरूर मिलेंगे। बैठक को भामस के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने संबोधित करते हुये कहा कि जिले में असंगठित क्षेत्र में कार्य करने की काफी आवश्यकता है, भामस कार्यकर्ता इस दिशा में आगे बढ़े ताकि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनका हक दिलाया जा सकें। बैठक का संचालन भामस की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुदर्शन मानिकपुरी ने किया।

## डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत को एक वर्ष का सेवा विस्तार

नयी दिल्ली। सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डी डी आर एंड डी) के सचिव डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है।केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने डॉ. कामत का कार्यकाल एक जून से अगले वर्ष 31 मई तक बढ़ाने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

CMYK



## अनमोल दावा

> मन खराब हो तब भी खराब शब्द ना बोलें, बाद में मन सही हो सकता है लेकिन बोले गए शब्द नहीं।

## ताइवान में चीन की विस्तारवादी भूख, पड़ोसियों पर नाहक दखलंदाजी से बिगड़ रहा माहौल

ताजा मामला ताइवान का है, जहां एक बार फिर चीन की सेना ने लगातार दो दिनों तक युद्धाभ्यास किया और एक तरह से ताइवान में घुसपैठ की कोशिश की है।

चीन को एक ताकतवर देश के तौर पर देखा जाता है, लेकिन आए दिन उसकी जिस तरह की हरकतें सामने आती रहती हैं, उससे यही लगता है कि उसके भीतर विस्तारवाद की एक विचित्र भूख है, जिसकी वजह से वह समय-समय पर अपने आस-पड़ोस के देशों को परेशान करता और धमकाता रहता है। भारत को लेकर उसका रवैया किसी से छिपा नहीं है, जहां अरुणाचल प्रदेश से लेकर भारतीय सीमा क्षेत्र में वह नाहक ही दखलअंदाजी करने की कोशिश करता रहता है। मगर इसके अलावा वह अपने अन्य पड़ोसियों पर भी धौंस जमाता रहता है या फिर उन्हें बिना किसी वजह से उकसाता रहता है।

ताजा मामला ताइवान का है, जहां एक बार फिर चीन की सेना ने लगातार दो दिनों तक युद्धाभ्यास किया और एक तरह से ताइवान में घुसपैठ की कोशिश की है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि चीन की नौसेना के सत्ताईस जहाज और बासठ युद्धक विमान ताइवान की सीमा के बिल्कुल करीब आ गए थे। कहने को यह चीन का महज एक युद्धाभ्यास था, मगर ताइवान के चारों तरफ लगातार दो दिनों तक आसमान और समुद्र में इस तरह की आक्रामक और व्यापक स्तर पर की गई सैन्य गतिविधियों के जरिए चीन ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि उसकी सेना जहाजों और लड़ाकू विमानों से कैसे ताइवान को घेर सकती है।

यों ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए चीन की ओर से इस तरह की हरकत कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले वह चालीस बार ताइवान में घुसपैठ की कोशिश कर चुका है। इस बार निशाने पर दरअसल ताइवान के नए राष्ट्रपति भी हैं, जिन्हें चीन अलगाववादी विचारधारा का समर्थक मानता है। विचित्र यह है कि ताइवान को चीन अपना अभिन्न इलाका मानता है और इसीलिए उस पर दबदबा कायम रखना चाहता है, जबकि ताइवान और वहां के लोग खुद को संप्रभु राष्ट्र मानते हैं।

सवाल है कि चीन के भीतर वह कौन-सी भूख है जो उसको अपने विस्तृत भूभाग पर फैली एक बड़ी आबादी और शासन-क्षेत्र से भी पूरी नहीं हो पा रही है! माना जाता है कि जो वास्तव में शक्तिशाली होता है, उसे उसका प्रदर्शन करके दूसरों को धमकाने या डराने की जरूरत नहीं पड़ती। मगर ऐसा लगता है कि चीन के मामले में यह सच नहीं है।

# चुनाव परिणामों से जुड़ी फिजूल की अटकलें

**-ललित गर्ग -**



पांचवें चरण के तहत सोमवार को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गये, इसके बाद दो ही चरण की वोटिंग शेष रह जाएगी। शेष रहे दो चरणों के चुनाव पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं और जैसे-जैसे चुनाव सम्पन्नता की ओर बढ़ रहे हैं, राजनीतिक दलों की आक्रामकता अब चुनाव परिणामों को लेकर फिजूल की अटकलों के रूप में देखने को मिल रही है। वैसे तो तीन चरणों के बाद ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलें पर सारे चुनावी परिदृश्य बन रहे हैं। आम मतदाता की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस करने की बजाय चुनाव नतीजों की भविष्यवाणियों में चुनाव परिदृश्यों को भटकाने की कुचेष्ठाएं हो रही है, यह लोकतंत्र के इस महानुष्ठान को धुंधलाने का दूषित प्रयास है। चुनाव परिणामों को लेकर हो रही इन चर्चाओं से जहां आम मतदाता भ्रमित हो रहा है, वही देश के शेयर बाजारों में गिरावट की स्थितियां आर्थिक असंतुलन का कारण बन रही है। राजनीतिक दलों की सोची-समझी रणनीति के तहत चुनाव परिणामों की संभावनाएं व्यक्त करना, अटकले एवं कयास लगाना चुनावी परिदृश्यों को भटकाने की कोशिशें हैं, इसमें राजनीतिक विश्लेषण और उनके निष्कर्ष भी कहीं-न-कहीं ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे मतदाता को लुभाया जा सके, भटकाया जा सके या गुमराह किया जा सके।

कांग्रेस हो या भाजपा और अन्य दल सभी चुनाव परिणाम की अटकलों पर ध्यान लगाये हुए हैं, वे ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं करते हुए जीत के दावे कर रहे हैं, जिससे मतदाता द्वंद्व की स्थिति में हैं। राजनीतिक दलों ने राष्ट्र के जरूरी एवं बुनियादी मुद्दें को तवज्जों न देकर राजनीतिक अपरिपक्वता का ही परिचय दिया है। दिक्कत यह है कि सभी पार्टियां अपने दल या गठबंधन की जीत को सुनिश्चित बताते हुए इस तरह के विश्लेषण और निष्कर्ष निकाल रहे हैं जो सत्यता से दूर हैं। ऐसे निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे एवं विपक्षी दल भाजपा के हार की भविष्यवाणी कर रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक उत्तरप्रदेश की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रूवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए। ऐसी ही भविष्यवाणियां इस बार भी बढ़-चढ़ कर हो रही है, लेकिन इस बार के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होने वाले हैं, चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले होंगे।

निश्चित ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलों का शेष रहे दो चुनाव चरणों पर व्यापक प्रभाव पड़ता हैं। पहले तीन चरणों के कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट प्रतिशत का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्पर विरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सचाई 4 जून को ही सामने आएगी। लेकिन चुनाव परिणामों को लेकर विरोधाभासी अटकलों का असर मतदाता पर पड़ता ही है। समूचे देश की बात करें तो इस पर लगभग आम राय है कि इन चुनावों में कोई लहर नहीं है। कई चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार 2019 के चुनाव में पुलवामा में हुई घटनाओं और उसके बाद बालाकोट में जो हुआ उसके बाद देश भर में राष्ट्रीय सुरक्षा की लहर दौड़ गई थी। इस बार सोचा गया था कि श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन का व्यापक असर होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विकास का मुद्दा अवश्य मतदाता के दिमाग में रहा है। फिर भी अगर किसी एक नेता के पक्ष में मतदाताओं की पसंद मुखरता से सामने आ रही है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। सवाल है कि क्या यह मुखरता वोट में भी परिणत होगी? जवाब के लिए 4 जून का इंतजार करना बेहतर होगा।

अनेक चुनाव विश्लेषण बताते हैं कि 1999 और 2004 में कम मतदान प्रतिशत से भाजपा को फायदा हुआ, लेकिन 2014 में अधिक मतदान से लाभ हुआ। लेकिन विश्लेषक मतदान प्रतिशत और अंतिम परिणामों के बीच स्पष्ट संबंध बताने में विफल हैं। बाजार के इस उतार चढ़ाव के बीच निवेशक लोकसभा चुनाव में कुछ चरणों के कम मतदान प्रतिशत को लेकर चिंतित हैं। वे चुनाव परिणाम के बारे में अनिश्चितता पाले हुए हैं। निवेशक ही नहीं, मतदाता एवं नेता भी भ्रम एवं भटकाव पाले हुए है। लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा विरोधी 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर तृणमूल कांग्रेस नई सरकार के गठन में 'बाहर से समर्थन' देगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस टिप्पणी के बाद से ही राजनीतिक हलकों में कयासों और अटकलों का दौर तेज हो गया था। सवाल उठ रहा था कि क्या उनकी इस टिप्पणी में कोई नया संकेत छिपा है? पांचवें चरण की सम्पन्नता के बाद यह साफ हो गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर इस बार सत्तारूढ़ भाजपा की कांग्रेस समाहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ कांटे की लड़ाई हैं और दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी विजय का दावा कर रहे हैं।

कम मतदान की पहेली का एक मतलब ये भी निकाला जा सकता है कि मतदाता को कोई उत्साह नहीं है, क्योंकि उसको ये लगता है कि 400 सीटों की जीत का दावा किया जा रहा है तो उसके वोट से कोई फर्क नहीं पडने वाला है। एक वजह ये भी हो सकती है कि वह परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है, लेकिन इन दोनों वजहों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं का रोल है, ये मतदाता की पहचान से जुड़े मामले नहीं हैं। विपक्ष इस बात को हवा दे रहा है कि जब सत्ताधारी दल का कार्यकर्ता जनता को बूथ पर लाने में फेल होता है तो इसका मतलब है कि कुछ गढ़बढ़ है। कुछ जानकार कह रहे हैं कि मामला उतना सपाट नहीं है। एक तो मौसम की मार और दूसरा ये एक ऐसा राजनीतिक मैच है जिसका नतीजा पहले से पता है इसलिए ऐसे मैच में कोई उत्साह नहीं होना बहुत सामान्य है।

पांचवें चरण में हो रहा लोकसभा का यह चुनाव भाजपा के लिए 'सेफ जोन' की तरह माना जाता है। दरअसल भाजपा और एनडीए ने मिलकर पिछले लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण की 49 सीटों पर जिस तरह से बैटिंग की थी, वह उसको सत्ता की सीढ़ी तक ले गई। जबकि 2014 में भी भाजपा ने अपने सियासी ग्राफ को इस चरण में मजबूती के साथ आगे बढ़ाया था। सियासी जानकारों का मानना है कि भाजपा ने अपने इसी मजबूत सियासी ग्राफ के मद्देनजर पूरी फील्डिंग पांचवें चरण की 49 सीटों पर लगा दी है। वहीं इंडिया गठबंधन और उसके सियासी दलों, जिसमें कांग्रेस और सपा समेत शिवसेना ने पांचवें चरण के लिए 2014 से पहले वाली रवायत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तैयारी की है। अब परिणाम तो भविष्य के गर्भ में हैं। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है। जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। उन्हें अपनी रीतियों-नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करते हुए अतिश्योक्तिपूर्ण भविष्यवाणियों एवं अटकलों से बचना चाहिए।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92 फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 159 : श्री राम के राज्याभिषेक के निर्णय का गुरु वशिष्ठ द्वारा अनुमोदन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''आप अभी लेखन कार्य में निमग्न हैं और ऐसे में आपको बाधित करना उचित नहीं होगा गुरुदेव!'' राजा दशरथ ने कहा।

गुरु वशिष्ठ इस समय योग वशिष्ठ ग्रंथ का लेखन कर रहे हैं। इसमें श्री राम समेत अन्य लोगों द्वारा समय-समय पर किए गए प्रश्नों के रूप में व्यक्त जिज्ञासाओं और स्वयं द्वारा उपदेशों के रूप में व्यक्त उत्तरों का लेखन है। गुरु वशिष्ठ ने अपनी लेखनी को एक ओर रखा और हंसते हुए कहाः-

''अभी मैंने यह श्लोक पूर्ण किया है राजन..चाहे त्रिभुवन का राज्य मिल जाए, चाहे मेघ या पानी के भीतर प्रवेश कर शांति की खोज की जाए ....लेकिन स्वयं को जाने बिना किसी व्यक्ति को शांति नहीं मिल सकती है। इसे आत्मज्ञान कहते हैं। जो अपना कल्याण चाहते हैं उन्हें आत्मज्ञान के लिए प्रयत्न करना चाहिए। दुखों का नाश अपनी आत्मा को जान लेने के अनुभव से ही होता है।''

''उचित कहा गुरुदेव! मैं इसी आत्मज्ञान को पाने के लिए अपना शेष जीवन समर्पित कर देना चाहता हूं।'' राजा दशरथ ने कहा।

''अति उत्तम विचार है राजन! इसे पाने का विचार तो अत्यंत सुखदायक है, पर आप तो उद्विग्न दिखाई दे रहे हैं।'' गुरु वशिष्ठ ने कहा।

राजा दशरथ ने कहा, ''यही तो अंतर है गुरुदेव आपमें और हम सांसारिक व्यक्तियों में। मैं अपना पद त्यागकर कुमार राम को अयोध्या का राज सिंहासन सौंपना चाहता हूं गुरुदेव!''

गुरु वशिष्ठ मुस्कुरा उठे, ''अति उत्तम विचार है राजन!.... तो यह है आपकी उद्विग्नता का कारण।''

''जी गुरुदेव! इतने वर्षों तक अयोध्या की सेवा करने के बाद अब मैं इसे कुमार राम के योग्य हाथों में सौंपना चाहता हूं। मुझे इस संबंध में आपका मार्गदर्शन चाहिए।'' राजा दशरथ ने कहा।

''आपका यह निर्णय सर्वथा उचित है अयोध्या नरेश! राजसिंहासन आप जैसे साधक के लिए केवल एक साधन है। आपने सारा जीवन कौशल राज्य के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया है और अगर अब आप वैयक्तिक आत्म कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं, तो यह स्वागत योग्य निर्णय है।'' गुरु वशिष्ठ ने राजा के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

''आभार गुरुदेव! तो कृपया राम के राज्याभिषेक का शुभ मुहूर्त देखिए और अपने करकमलों से इसे संपन्न भी कीजिए।'' राजा ने अपने गुरु से निवेदन किया।

''अवश्य! यह मेरा सौभाग्य होगा राजन! मैं शुभ मुहूर्त के संबंध में आपको सूचित करुंगा। आप अपने स्तर पर तैयारियां प्रारंभ करें।'' गुरु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## शब्द सामर्थ्य -070

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 069 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## सू- दोकू क्र.070

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.069 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामूहिक चर्चा

### वोट फॉर चार जून

बानी बोले - ''गजाधर ! सूनिए
आज हम फिर चुनावी खबर पढ़ते है-
केंन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
अमित शाह हिमांचल प्रदेश के
हमारीपुर की चुनावी सभा में कहते है
हमारा तो चार सौ हो रहा है,
और मोदी जी प्रधानमंत्री बन रहे है
लेकिन राहुल बाबा फिर एक बार
चालिस के नीचे सिमट रहे है ।
तो गजाधर ! इस पर
आप क्या कर रहे है? ''
गजाधर मुस्कूराय बोले-
''बानी ! अभी तो नेतागण सब
अपने-अपने मन की बात कह रहे है
अपने भददू भैया भी देखो न,
कुछ का कुछ हाँक रहे है
पर बानी ! आप यह मान लो
मंगलवार को, जब चार जून आएगा
तो फिर कहे, इनकी उनकी
और हर पार्टी की,
मंगल-अमंगल की कथा,
ठीक-ठीक, सही-सही सुनाएगा।''



- गिरीश बख्शी

## कविता


### ग्रीष्म की तपन

मन व्याकुल कर जाता है,
भीषण ग्रीष्म की गर्दिश।
जल जीवन सब छिन्न हुए,
रक्षा करो हे -जगदीश।
सूरज है या आग का गोला,
हाय गर्मियों की तपिश।
कुलर पंखा विराम ना लेते,
पीते हैं जल मटका, फ्रिज।
श्वास, उष्म वायु प्रवाह से,
देह तो हो गए हैं -पसीज।
दूर दूर सब बैठें रहते हैं,
मानो हो गई हो कोई खींझ।
चढ़ा पारा बढ़ गई है डिग्री,
भाते भोजन से ज्यादा नीर।
सुख गए नदी नाले सब,
चिंतित हैं पशु-पक्षी वन मृग।
देह को शीतल करने खाते,
बर्फ कुल्फी और आइस्क्रीम।
सुबह सुहानी दोपहर हैरानी,
निशा, उमस, - दिन निस।
घर छोड़ने मन नहीं करता,
मानो कर्फ्यू पे लगे हों पुलिस
चारों ओर ग्रीष्म लावा लगे हैं,
जाएं किसके - दहलीज।
हिमालय सा पिघल रहा,
सबका तपती हुई - शरीर।
अक्सर याद आ ही जाते हैं,
शिमला, मसूरी और कश्मीर



मदन मंडावी
ग्राम -ढारा (करेला) डोंगरगढ़
मो. - 7693917210

## राशिफल




**मेष**
आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।




**वृषभ**
आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। लाभ होने की संभावना बन रही है।



**मिथुन**
आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा।आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है।




**सिंह**
आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति कों मज़बूत करें।



**कन्या**
आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इजाफा बचत को ज्यादा मुश्किल बना देगा। आपको कोई खूबसूरत तोहफा दे सकते हैं।



**तुला**
आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।




**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आएंगे।



**मकर**
आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।



**कुंभ**
आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा।



**मीन**
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे।

CMYK

# लापरवाही : शिकायत के बाद सुधार नहीं बड़े हादसे का इंतजार कर रहा विद्युत विभाग



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विद्युत विभाग को बिजली सप्लाई में होने वाली तकनीकी समस्या से अवगत कराने के बाद भी आवश्यक सुधार नहीं किया जा सका है। विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है तब जागेगी।

समीपस्थ ग्राम मुरेटीटोला में विद्युत विभाग द्वारा बिजली सप्लाई करने के लिए तार फैलाया गया है। हवा आंधी चलने पर बिजली सप्लाई के लिए लगे हुए तार आपस में टकराते हैं जिससे घर्षण होता है व चिंगारी निकलती है जिसकी जानकारी विभाग को दिया जा चुका है लेकिन विभागीय कर्मचारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है बल्कि किसी हादसे का इंतजार कर रही है तब विभाग जागेगी। विद्युत प्रवाहित होने वाले तार के टकराने से वोल्टेज बढ़ जाती है जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर प्रभाव पड़ता है खराब होने की सम्भावना रहती है। इतना ही नहीं तार स्पार्किंग के कारण ही दूर संचार विभाग का सिस्टम खराब हो गया जिसके कारण नेटवर्क ही नहीं था जो एक सप्ताह बाद बन सका। तार जुड़ने पर स्पार्किंग की शिकायत विद्युत विभाग में करने पर कनिष्ठ अभियंता सरोज गंधर्व निरीक्षण करना उचित भी नहीं समझी जबकि विभागीय कर्मचारी को भेज दिया जिनका कहना था कि जिस तार से टकरा रहा है उससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उस पर विद्युत प्रवाहित नहीं हो रही है। वहीं मेडम का कहना था कि तार ढीला हो गया है तो कसवा देती हूं या आवश्यकता नहीं होगी तो निकलवा देती हूं पर दो में से एक भी काम नहीं हो सका। आंधी या थोड़ा भी हवा चला तो स्पार्किंग होने पर चिंगारी निकलती है गरमी का सीजन है तार से लगे सुखा पेड़ व कवेलू युक्त मकान है चिंगारी के कारण आगजनी की घटना हो जाती है तो जिम्मेदारी किसकी होगी।

# कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को सुचारु और निष्पक्ष रूप से संपन्न करना- कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा

**खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को आज जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।**

उक्त बैठक में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रोऑब्जर्वर के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर टंकेश्वर प्रसाद साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को सुचारु और निष्पक्ष रूप से संपन्न करना था। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और कंट्रोल यूनिट का उपयोग समझाया गया।

**मतगणना हेतु 14 टेबल पर होगी गणना**

मतगणना की प्रक्रिया टेबल क्रमांक 1 से 14 तक चलेगी, जहां हर चरण में 14 कंट्रोल यूनिट की गणना की जाएगी। प्रथम चरण की गणना के बाद, दूसरे चरण के लिए संबंधित मतदान केंद्रों की कंट्रोल यूनिट लाई जाएगी और यह प्रक्रिया अंतिम मतदान केंद्र क्रमांक 283 तक जारी रहेगी।

प्रत्येक चरण के अंत में, प्रेक्षक रेंडम रूप से दो कंट्रोल यूनिट का चयन करेंगे, जिनकी गणना हो चुकी होगी। इसके बाद, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा चयनित अतिरिक्त मतगणना कर्मचारियों को निर्देशित किया जाएगा कि वे चयनित कंट्रोल यूनिट से डाले गए मतों का विवरण स्वतंत्र रूप से नोट करें और इसकी तुलना अधिकारियों द्वारा दिए गए विवरणों से करें। इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसी भी प्रकार की विसंगति की जांच करना और यह सुनिश्चित करना है,कि कंट्रोल यूनिट वही है जो मतदान केंद्र पर आपूर्ति की गई थी और इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है।

इसके अतिरिक्त, रेंडम रूप से चयनित पांच मतदान केंद्रों की वीवी पेट पेपर पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन भी किया जाएगा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों का रेंडम रूप से चयन ड्रॉ के माध्यम से संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अभ्यर्थियों, उनके अभिकर्ताओं और निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा।

प्रशिक्षण के अंत में, अभ्यर्थियों और उनके मतगणना अभिकर्ताओं को रिकॉर्ड किए गए मतों का लेखा-भाग 2 और गणना के परिणाम की एक प्रति (सभी मतदान केंद्रों की) उपलब्ध कराई जाएगी।

# पहला कॉलम...

## कम्प्यूटर के माध्यम से क्वालिटी लेवल बेस्ट एजुकेशन प्रदाय करने गिरीश सोनी हुए सम्मानित

**बेस्ट इंटरप्रेनर के लिए उपमुख्यमंत्री के द्वारा मिला सम्मान**



डोंगरगांव (दावा)। आईसेक्ट का वार्षिक सम्मेलन 2023-24 रायपुर में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित सहित अन्य अतिथियों के द्वारा कंप्यूटर के माध्यम से क्वालिटी लेवल बेस्ट एजुकेशन प्रदाय करने के लिए आईसेक्ट सोनी कंप्यूटर डोंगरगांव के संचालक गिरीश सोनी को सम्मानित किया गया है। वहीं अन्य उद्यमियों का भी सम्मान किया गया है। उनके संस्था के द्वारा ग्रामीण अंचल में छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के साथ स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग देकर रोजगार दिलाने का काम कर रहे है। 12वीं, स्नातक या डिग्री लेने के बाद शासकीय जॉब के आवश्यक सामग्री तथा पूर्ण जानकारी संस्था के द्वारा समयसमय में प्रदाय किया जाता है। इधर नगर की प्रतिष्ठित संस्था के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाता है साथ ही शासकीय नौकरियों से संबंधित तैयारियां भी कराई जाती है। संस्था में प्रतियोगी परीक्षा के लिए क्वालीफाई टीचरों द्वारा कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। श्री सोनी के अलावा अलग-अलग गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत देवांगन, राजेश देवांगन, बलराम देवांगन, अर्चना राजपूत व अन्य उद्यमी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी वाइस प्रेसिडेंट आईसेक्ट ग्रुप, गौरव शुक्ला रजिस्ट्रार डॉ. सीवी रमन विश्वद्यालय कोटा बिलासपुर, डॉ. आरपी दुबे कुलपति, डॉ. अरविंद तिवारी, शशिकांत वर्मा, अब्दुल मजीद डॉ. सी. वी. रमन विश्व विधालय कोटा बिलासपुर आदि उपस्थित रहे।

## पं. जवाहरलाल नेहरु जी की 60वीं पुण्यतिथि मनाई गई



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी की 60 वीं पुण्यतिथि 27 मई 2024 को मनाया गया। इस अवसर पर अंबागढ़ चौकी में दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा की गई। सभा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष बंसोड़, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष उदेराम साहू, जिला कांग्रेस के सचिव बेनीप्रसाद साहू ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी अवधेश त्रिपाठी, पार्षद मुकेश सिन्हा, शंकर निषाद, छगन बंजारे, शम्मी कुरैशी, अनिल महोबिया, पिन्टू तिवारी, राजू सोनवानी, ओमकार बारसागढे, पवन कौशिक, हुमन साहू, मयाराम, रामचरण सारथी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेजेस छुरिया में हुआ समर कैंप का आयोजन




छुरिया (दावा)। स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरिया में कक्षा पहली से बारहवीं तक के बच्चों के लिए सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विधाएं जैसे ड्राइंग पेंटिंग, ओरिगेमी, क्राफ्ट, कर्सिव/हैंड राइटिंग, स्टोरी टेलिंग, ग्रीटिंग कार्ड एंड एनवेलप मेकिंग, जुंबा तथा डांस एंड म्यूजिक सिखाया गया। कैंप को लेकर बच्चो में भी बहुत उत्साह देखने को मिला जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न विधाओं तथा पठन पाठन का हुनर सीखा। समर कैंप, प्राचार्य धनेश सिन्हा की उपस्तिथि में प्रशिक्षण शिक्षक राहुल देवांगन, नावेद खान, मृदुल पाठक, शिक्षिका प्रीति सोनकुसरे, दीप्ति साखरे, श्वेता राठौर, लक्ष्मी यादव, पी.टी.आई रवि जैन, व्याख्याता प्रज्ञा तिवारी, मोनिका साहू, रूपाली सारवा, आशा सुधाकर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के साथ-साथ बच्चों की करियर काउंसलिंग भी की गई। जिसमें पालक समिति अध्यक्ष जोधीराम साहू, प्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में कार्णिक साहू (मरीन इंजीनियर) भिलाई ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बच्चों को नेवी तथा मर्चेंट नेवी जैसे क्षेत्रों में भी करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

# होटल ढाबों में फिर जमने लगी महफिल खुलेआम पिला रहे संचालक

**(अवधेश त्रिपाठी)**



**अम्बागढ़ चौकी (दावा)। सरकार बदलने के साथ शराब दुकानों के आसपास शराब पीने पिलाने को बंद करके वाहवाही लूटने का काम किया। छोटे झोपड़ी ठेला दिहाड़ी लोगों का धंधा बन्द करवा दिए लेकिन होटल ढाबा में शराब खुलेआम पिलाया जा रहा है।**

शराब दुकान खुलते ही मदिरा प्रेमी शराब का लुत्फ उठाने कहीं भी बैठ जाते हैं व खाली शीशी डिस्पोजल यत्र तत्र फेंक देते हैं, जो राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनता है। कुछ मदिरा प्रेमी अलग अंदाज में पीना पसंद करते हैं व होटल ढाबा का सहारा लेते हैं। संचालक भी खुले आम पिलाते हैं। पुलिस या आबकारी विभाग को जानकारी नहीं है ऐसा नहीं है। अधिकांश होटल ढाबा सड़क किनारे ही संचालित होते हैं। अम्बागढ़ चौकी शराब दुकान मुख्य मार्ग से एक किलोमीटर दूर पर स्थित है लेकिन चार ढाबा संचालित है सड़क किनारे ठेला पसरा लगाने वाले अलग जहां शराब पिलाया जाता है। शराब पीने का दौर देर रात तक चलता है। ढाबा सड़क किनारे होने से विभागीय अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन झांक कर भी नहीं देखते।

गिने चुने तो हाटल ढाबा संचालित है लेकिन नियमित जांच नहीं होती,यदि कभी पहुंच गए तो कार्यवाही कुछ नहीं पाकिट गरम मामला खत्म। इस संबंध में थाना प्रभारी अम्बागढ़ चौकी से सम्पर्क करने पर बाहर होने की बात कहे।

# अधिवक्ता संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने सुरेश, कांटे के मुकाबले में विजयी संदीप बने सचिव



खैरागढ़ (दावा)। अधिवक्ता संघ खैरागढ़ के चुनाव में सोमवार 27 मई को अधिवक्ता सुरेश ठाकुर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये वहीं चुनाव में सचिव संदीप दास वैष्णव, कोषाध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा और महिला उपाध्यक्ष के रूप में प्रीति यादव ने जीत हासिल की। अधिवक्ता संघ का बहुप्रतीक्षित चुनाव सोमवार 27 मई को संपन्न हुआ,जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष के रूप में सुरेश ठाकुर को निर्विरोध चुना गया वहीं उपाध्यक्ष के रूप में ठाकुर गिरीराज सिंह, सह सचिव अमर यादव, ग्रंथपाल विक्रम यदु और क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के रूप में महेश साहू को भी निर्विरोध चुना गया वही 3 पद क्रमशः अधिवक्ता संघ के सचिव, कोषाध्यक्ष और महिला उपाध्यक्ष पद में आम सहमति नहीं बनने के कारण चुनाव किया गया।। मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर यादव और सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सर्वेश ओसवाल के मार्गदर्शन में हुये चुनाव में सचिव पद में कुल 55 वोट डाला गया जिसमें संदीप दास वैष्णव ने 31 वोट हासिल कर 7 वोट से अपने प्रतिद्वंदी रामकुमार जांगड़े को पराजित किया, रामकुमार को 24 वोट मिले।।महिला उपाध्यक्ष पद के चुनाव में प्रीति यादव को 40 वोट मिला वहीं उनकी प्रतिद्वंदी साबरा सरधारिया को केवल 14 वोट से संतोष करना पड़ा तथा 1 वोट निरस्त भी हुआ, इस तरह प्रीति यादव ने 26 वोट से जीत हासिल की।। कोषाध्यक्ष पद के चुनाव में भुनेश्वर वर्मा को 41 वोट और उनके प्रतिद्वंदी योगेश चंदेल को 13 वोट वही 1 वोट निरस्त रहा, इस तरह भुनेश्वर वर्मा ने 28 से जीत हासिल की और कोषाध्यक्ष बने।।चुनाव संपन्न होने के बाद अधिवक्ता संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने सुरेश ठाकुर और चुनाव में जीतकर आये अन्य पदाधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर सुभाष सिंह, कमलाकांत पांडेय, बीडी सिंह, मिहिर झा, टीके चंदेल, विभाष सिंह, सुनील पांडेय, नीलांबर वर्मा, घम्मन साहू, शंकर यादव, नीरज झा, मनराखन देवांगन, कौशल कोसरे, सुबोध पाण्डेय, चंद्रशेखर वर्मा, सैय्यद अल्ताफ अली, राजीव चंद्राकर, शक्ति सिंह, ज्ञान दास बंजारे, सुरेश साहू, महेश साहू, सुरेंद्र चोपड़ा, विवेक कुर्रे व शत्रुहन वर्मा सहित अधिवक्ता संघ खैरागढ़ के समस्त सदस्यों ने बधाई देते हुये संघ के हित में हमेशा बेहतर काम करने की शुभकामनाएं दी है।

**शेष सभी पदों पर चुने गये निर्विरोध पदाधिकारी**

# सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों की वेतन विसंगति के निराकरण को लेकर दिया गया ज्ञापन



डोंगरगढ़ (दाबा)। जिला बैरागढ़ छुईखदान गहर्ड के समस्त सहकारी समितियों में कार्यरत समिति कर्मचारियों की वेतन विसंगति विगत कई वर्षों से है। जिसे लेकर कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि, अत्यंत बंद का मिषय हे कि समिति में कार्यरत प्रभारी प्रबंधकों को छोड़कर बाकी कर्मचारी लेखापाल, लिपिक, विक्रेता, भूत्य, चौकीदार का वेतन बहुत ही कम है। जिससे आज की महंगाई को देखते हुए बच्चों की पढ़ाई लिखाई भरण पोषण करने में बहुत ही कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महकारी समितियों में नरमरत कर्मचारी जिला के सेगा सहकारी समितियों में कार्यरत है। लेकिन समिति के छोटे छोटे कर्मचारियों का नेतन बढ़ाने का विल्सी ने सच तक नहीं लिया जबकि समिति कर्मचारियों का वेतन अधिक समय होने के उपरांत आज तवा अपेक्षित है। जिससे जिले के सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों में आक्रोश है।

**कोविड-19 के संक्रमण काल में समर्पित होकर कार्य**

किया कर्मचारियों ने समिति के महलपूर्ण कार्यो को समिति के माध्यम से समितियों में कार्यरत कर्मचारी लेखापाल, लिपिना, निवेता, नात्य, चौकीदार ने भी तोनिट 19 के संक्रमण वाल को समझा त समिति की आर्थिक स्थिति को समझते हुए शारीरिक श्रम के साथ जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के सहकारी समिति में नार्यरत कर्मचारियों ने कोरोना गाल में भी धान खरीदी, पी डी एस मावल वितरण, किसानों गये खाद बीज, केसीसी ऋण वितरण, नर्मी संग्पोस्ट इत्यादि कार्यों में समिति कर्मचारी ने अपना योगदान दिया है। कर्ज में जीवन यापन करने मजबूर है कर्मचारी समिति में लेखापाल, लिपिक, विक्रेता, भृत्य, चौकीदार कर्मचारियों को समिति सार पर अभी जो वेतन मिल रहा है यह किसी भी स्थिति में जीगन मापन करने लायक वेतन नहीं है समितियां में कार्यरत छोटे छोटे कर्ममारि अल्प वेतन और खौरागढ़ छुईखदान गंडई जिला में वेतन विसंगति के कारण इस बढ़ती महंगाई में बच्चों की परवरिश त पढ़ाई लिखाई के लिए कर्ज लेने को मजबूर है और इन सामाजिक पारिवारिक दयित्यो के निर्वहन पूरा करने के लिए समिति कर्मचारी कर्ज में डूब चुके हैं। राज्य के सभी समिति के कर्मचारी एक छत नीचे काम कर रहे हैं। फिर भी कंही कम हो कंही अधिक कोन दिया जाता है, हमारे यहां सबसे कन्म वेरान दिया जा रहा है। सहकारी समितियों में कार्यरत कर्ममारी लेखापाल, लिपिक विक्रेता, भृत्य, चौकीदार ती वेतन समिति सार पर प्रबंधकों के कान से आधे से भी कम है वेतन विसंगति है जिस पर उचित कार्यवाही करने की कट करेंगे एवं वेतन विसंगति को दूर करते हुए सम्मान जनक वेतन दिलाने की आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की।


# बौद्ध धर्म सिखाता है करुणा, समानता, भाईचारा - नलिनी मेश्राम



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। डोंगरगढ़ शहर में स्थित डॉ. आंबेडकर नगर वार्ड 20 में प्रगति महिला मंडल के द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध की जयंती बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर सामनेर भंतेजी के द्वारा परित्राण पाठ किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, पद्ममा मेश्राम, नलिनी मेश्राम, संगीता मेश्राम मीना घरडे अध्यक्ष, प्रगति महिला मंडल, मेघा श्याम कुंवर सहित पूरी टीम शेखर बोरकर, शुभम खोब्रागड़े, अनिल सहारे, सिद्धार्थ नागदेवी, विनायक मिश्रा, अश्विनी फुले आदि की गरिमामई उपस्थिति में बुद्ध जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुत्ती दी गई। कार्यक्रम संबोधित करते हुए श्रीमती नलिनी ने डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा दिए गए बौद्ध धर्म के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया बौद्ध धर्म ही मानव को मानव से जोड़ता है। दया, क्षमा, शांति, करुणा, अहिंसा पर आधारित बौद्ध धर्म ही जीवन जीने की कला सिखाता है।

# लोकेन्द्र वर्मा समाज सेवक संघ के के.सी.जी. जिले के अध्यक्ष बने





राजनांदगांव(दावा)। दुर्ग संभाग के नव-नियुक्त अध्यक्ष अंकित गर्ग ने खैरागढ़ निवासी मीना मेडिकल स्टोर्स के स्वामी लोकेन्द्र वर्मा को के.सी.जी. जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर संयोजक अध्यक्ष संजीव सिंघल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. कु. स्वाति देवांगन ने हर्ष व्यक्त किया है। लोकेन्द्र की नियुक्ति पर सिंगारपुर-गोपालपुर-फत्तेगांव के अध्यक्ष प्रकाश यादव एवं राजनांदगांव की नगर अध्यक्ष कु. रेवती साहू, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागांव मुढ़ीपार के अध्यक्ष अमित पटेल, मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अश्विनि पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, कोटरासरार की अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीह के अध्यक्ष गिरीश साहू, इंदामरा की अध्यक्ष कु. रूपा कंवर, डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती रोहिणी पटेल, सिंघोला की अध्यक्ष कु. पायल यादव, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, रीवागहन के अध्यक्ष मोतीलाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा की अध्यक्ष बबीता लहरे, फरहद (सोमनी) के अध्यक्ष विजय निषाद, पार्रीकला के अध्यक्ष आकाश यादव, भाठागांव के अध्यक्ष दिनेश पटेल, दुर्ग संभाग के सचिव खुलेन्द्र साहू, बोरी के अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, गठुला के अध्यक्ष हर्ष साहू, चवेली की अध्यक्ष यमला साहू, पदुमतरा की अध्यक्ष कु. चंचल साहू, तिलई के अध्यक्ष भूषण लाल देवांगन, परसाडीह (सुरेगांव) के अध्यक्ष अजय श्रीवास, डोंगरगांव के अध्यक्ष ओमकार कंवर, जेवरतला की अध्यक्ष हेमलता ठाकुर, खपरीखुर्द के अध्यक्ष शिवानंद महोबिया आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# महाविद्यालय में मनाई गई पं. जवाहर लाल नेहरू की पूण्यतिथि




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 27 मई सोमवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पूण्यतिथि मनाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती सहित महाविद्यालय के प्रध्यापकगणों एवं कर्मचारियों ने पं. नेहरू के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कहा कि पं. नेहरू जी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वतंत्रता आंदोलन के बाद आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत को मजबूत आर्थिक विकास हुआ। स्वाधीनता आंदोलन में उनकी सक्रीय भूमिका एवं देश के प्रति समर्पण सदैव याद रहेगा। कार्यक्रम में ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े, सहा. प्राध्या. अविनाश सिंह सहित कर्मचारीगण चित्रा खोब्रागढ़े, शैलेन्द्र यादव, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, प्रिति सहारे आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस की एक और सफलता बिछड़े को अपनों से मिलाया



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र.-62/2024 अपराध क्र. 295/2024 धारा-363 भादंवि के नाबालिग अपहृता जो दिनांक- 22.05.2024 को घर से बिना बताये चली गई थी जिसे आज दिनांक- 27.05.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा परिजन के मदद से बरामद किया गया।

## महाकाल के दर्शन करने गई थी नाबालिक

अपहृता से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पूछताछ किया जो ट्रेन में बैठकर उज्जैन चली जाना बताया गया, जहां से भगवान महाकाल का दर्शन कर वापस आना बताई व अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताई। जिसे उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

## पहला कॉलम...

### भयंकर तूफान से दो बच्चों समेत 18 की मौत

वर्ल्ड डेस्क, अमर उजाला, वॉशिंगटन । अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अरकंसास राज्यों में शक्तिशाली तूफान ने तबाही मचाकर रख दी। यहां दो बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, तूफान की वजह से हजारों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा, तूफान से कई घर भी तबाह हो गए। पूरे क्षेत्र में रात भर खराब मौसम रहने के बाद आपातकालीन टीम गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रवाना हुई। अधिकारियों ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास में कुक काउंटी के शेरिफ रे सैपिंगटन ने कहा कि भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर है। मारे गए सात लोगों में दो और पांच साल के दो बच्चे और एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। तूफान से ट्रकों का एक ठहरावस्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया जहां दर्जनों लोग शरण लेने के लिए पहुंचे थे। अधिकारियों ने बताया कि ओकलाहोमा सीमा के पास टेक्सास के कुक काउंटी में शनिवार रात आए तूफान ने एक ग्रामीण इलाके में मोबाइल होम पार्क के पास तबाही मचाई। यहां सिर्फ मलबा बचा है। शेरिफ ने आगे कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि रविवार सुबह लापता हुए कुछ लोगों की तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने रविवार को कहा कि शनिवार को आए तूफान में करीब 100 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट हो गईं। इसके अलावा 100 से अधिक अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

### शेयर बाजार में नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स-निफ्टी नए ऐतिहासिक शिखर पर पहुंचे

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले हैं और निफ्टी पहली बार 23,038 के लेवल पर ओपन हुआ है जो इसका नया रिकॉर्ड है. इसके अलावा सेंसेक्स ने भी 75,655 के लेवल पर ओपनिंग दिखाई है जो इसका ऑलटाइम हाई है. आज अडानी ग्रुप के 10 में से 9 शेयर तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं और केवल अडानी एंटरप्राइजेज ही गिरावट के लाल निशान में है. मिडकैप इंडेक्स भी लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई पर बरकरार है और आज भी नए आसमान पर है. आज के कारोबार की शुरुआत में बीएसई का सेंसेक्स 245.07 अंक या 0.32 फीसदी की बढ़त के साथ 75,655 पर ओपन हुआ है. एनएसई का निफ्टी 81.30 अंक या 0.35 फीसदी की ऊंचाई के साथ 23,038 पर खुला है.आज की मार्केट ओपनिंग के साथ ही सेंसेक्स-निफ्टी ने नया रिकॉर्ड हाई बना लिया है. सेंसेक्स का नया ऑलटाइम हाई 75,679.67 पर है और निफ्टी का नया लाइफटाइम हाई 23,043.20 का लेवल बन गया है. बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयरों में उछाल देखा जा रहा है और 11 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है. सेंसेक्स का टॉप गेनर एचडीएफसी बैंक 1.16 फीसदी ऊपर है.

### एयरवेज के विमान में गड़बड़ी, 12 लोग घायल

लंदन। दोहा से आयरलैंड के डबलिन जा रहे कतर एयरवेज का विमान में गड़बड़ी हो गई है, जिसके तहत 12 लोग घायल हो गए। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। 12 घायलों में से 8 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल विमान क्यूआर017, बोइंग 787 ड्रीमलाइनर,निर्धारित समय के अनुसार दोपहर 1 बजे (1200 जीएमटी) से पहले लैंड हो गया। जिसके चलते विमान में टर्बुलेंस आ गया। डबलिन एयरपोर्ट ने ये जानकारी दी है। एयरपोर्ट विभाग की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक, विमान के लैंड होते ही एयरपोर्ट पुलिस, अग्निशमन एवं बचाव विभाग समेत आपातकालीन सेवाएं तुरंत मुहैया कराई गईं। विमान में सवार सभी यात्रियों की गंभीर चोटें आईं हैं, जिनमें से 8 को अस्पताल ले जाया गया है। बता दें कि विमान में बैठे यात्रियों ने भी अपने अनुभव शेयर किए हैं। यात्री पॉल मॉक ने आयरिश ब्रॉडकास्टर आरटी को कहा,उन्होंने कई यात्रियों को विमान की छत से टकराते हुए देखा है।

### लड़कियों के स्कूल में लगी भीषण आग

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित एक लड़कियों के स्कूल में सोमवार को भीषण आग लग गई। रिपोर्ट्स के अनुसार जब आग लगी उस समय स्कूल के अंदर सैकड़ों छात्राएं थीं। गनीमत रही कि घटना में किसी की जान नहीं गई। लगभग 1400 छात्राओं को रेस्क्यू कर लिया गया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार एक रेस्क्यू अधिकारी ने बताया कि घटना हरिपुर जिले के सिरिकोट गांव में स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में हुई।

यह इलाका बेहद दुर्गम परिस्थितियों वाला है। अधिकारी ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड के वाहनों को भी घटना स्थल तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हरिपुर के रेस्क्यू विभाग के प्रवक्ता फराज जलाल ने कहा कि स्कूल में लगभग 1400 छात्राएं थीं जिन्हें सुरक्षित स्कूल से बाहर निकाल लिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि आग से पूरे स्कूल की इमारत को नुकसान पहुंचा है। इमारत का आधा हिस्सा लकड़ियों से बना था।

# 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरेगी टीम इंडिया




नई दिल्ली। आईपीएल 2024 खत्म हो चुका है. अब सभी की नजरें पूरी तरह से आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 पर टिकी हुई हैं. अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जाने वाले इस इवेंट में टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड के साथ खेलने वाली है. लेकिन, इस आगाज से पहले रोहित शर्मा एंड कंपनी 1 जून को बांग्लादेश से भिड़ेगी. जी हां, आईपीएल खत्म होने के बाद अब आपको 1 जून को भारत बनाम बांग्लादेश के बीच खेला जाने वाला वॉर्म अप मैच देखने को मिलेगा...

रोमांचक ढ्ढक्करु 2024 के बाद अब 1 जून को भारतीय टीम और बांग्लादेश के बीच वॉर्म अप मैच न्यूयॉर्क के नासाओ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. ये मैच 1 जून को खेला जाएगा. आपको बता दें, इस मैदान पर ये पहला मुकाबला है. यह मैच गुरुवार को भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े 8 बजे शुरू होगा. पहली बार इस स्टेडियम के दरवाजे फैंस के लिए खुलेंगे। जिसके लिए टिकट की बिक्री उसी दिन होगी.

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सभी मुकाबले स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखने को मिलेंगे. ऐसे में 1 जून को भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाला मैच भी आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं. इस मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी. रिपोर्ट्स के हवाले से विराट कोहली को लेकर जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने क्चष्टष्ढ्ढ से ब्रेक मांगा है और बोर्ड ने उनकी इस रिक्वेस्ट को मान लिया. नतीजन, वह 1 जून को बांग्लादेश के साथ होने वाले प्रैक्टिस मैच को मिस कर सकते हैं. जबकि, रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम अमेरिका पहुंचकर तैयारियां शुरू कर चुकी है.

टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज.

## मोदी सरकार ने 13 कामगारों को लाओस से निकाला सुरक्षित

नई दिल्ली। विदेश में अच्छी नौकरी करने का झांसा देकर लाओस ले जाए गए भारतीयों के लिए मोदी सरकार एक बार फिर संकटमोचक साबित हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय के अथक प्रयास से लाओस में फंसे 13 भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया है। बता दें कि इन कामगारों को बहला फुसलाकर अवैध रूप से काम के लिए लाओस ले जाया गया था। बाद में उन्हें कठिन श्रम कराने, प्रताड़ना देने और वेतन नहीं मिलने जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा था।



यह जानकारी जैसे ही विदेश मंत्रालय को पहुंची, वैसी ही सरकार सक्रिय हो गई। मोदी सरकार के अथक प्रयास से लाओस में फंसे इन 13 भारतीय को बचा लिया गया और उन्हें घर वापस भेजा जा रहा है। लाओस में भारतीय दूतावास ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले पिछले महीने भी इसी लाओस में फंसे 17 अन्य भारतीय कामगारों को बचाया गया और उन्हें भारत वापस लाया गया था। लाओस में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में भारतीयों की सुरक्षा और हित सुनिश्चित करने के लिए दूतावास ने 13 भारतीयों को सफलतापूर्वक बचाया और वापस लाया गया।

जिन भारतीयों को वापस लाया गया है, उनसे लाओस के अटापेउ प्रांत में एक लकड़ी के कारखाने में काम कराया जा रहा था। इस जगह काम करने वाले ओडिशा के सात कामगार और बोकेओ प्रांत में स्थित गोल्डन ट्रायंगल एसईजेड में काम करने वाले छह भारतीय युवा शामिल हैं। इन सभी को अब सुरक्षित निकाल लिया गया है।

## आईपीएल वेन्यू के ग्राउंडस्टाफ और पिच क्यूरेटर्स के लिए दिखाई दरियादिली

नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने आईपीएल 2024 खत्म होने के बाद ग्राउंडस्टाफ और पिच क्यूरेटर को मोटी रकम देने का एलान किया। 26 मई को खेले गए आईपीएल 2024 के फाइनल मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया और तीसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया।



आईपीएल का 17वां सीजन जीतने के बाद केकेआर की टीम को 20 करोड़ रुपये इनाम राशि के रूप में मिले। वहीं, रनर्स-अप टीम पर भी करोड़ो की बरसात हुई। इस बीच बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के गुमनाम हीरो को 25-25 लाख रुपये देने का एलान किया। दरअसल, बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोमवार को घोषणा की कि सभी नियमित आईपीएल वेन्यू के ग्राउंडस्टाफ और पिच क्यूरेटर्स को लीग के दौरान शानदार पिच बनाने के लिए इनाम के रूप में 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे।

जय शाह ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि हमारे सफल टी20 सीजन के गुमनाम हीरो मैदानकर्मी हैं, जिन्होंने खराब मौसम में भी शानदार पिचें तैयार की। हम उन्हें उनकी मेहनत का इनाम देना चाहेंगे। 10 नियमित आईपीएल वेन्यूज पर ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटरों को 25-25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त वेन्यूज पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद।

आईपीएल 2024 में 10 टीम के बल्लेबाजों को जमकर रन बनाते हुए देखा गया। आईपीएल के 17वें सीजन में पिच बैटर्स के लिए अनुकूल रही और इस बार हाईएस्ट स्कोर भी बना। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने आरसीबी के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गए मैच में आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर (287/3) बनाया। आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया।

## आईपीएल में सुनील नारायण ने रचा इतिहास, तीसरी बार ट्रॉफी जीती

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के फाइनल में कोलकाता नाइटराइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से मात देकर तीसरी बार ट्रॉफी जीती। मैच के बाद मोस्ट वैल्यूवेल प्लेयर का अवार्ड केकेआर के ऑलराउंडर सुनील नारायण को दिया। इस अवार्ड को जीतने के साथ ही सुनील नारायण ने आईपीएल में एक खास उपलब्धि हासिल की।



दरअसल, आईपीएल में सुनील नारायण यह अवार्ड तीसरी बार जीता है। वह ऐसे पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीसरी बार मोस्ट वैल्यूवेल प्लेयर का अवार्ड जीता। नारायण ने इससे पहले अपने आईपीएल डेब्यू साल 2012 में यह खिताब जीता था। सुनील नारायण ने उस वक्त 24 विकेट लिए थे। दूसरी बार साल 2018 में केकेआर के लिए 17 विकेट हासिल किए और 357 रन भी बनाए थे। उस वक्त नारायण को दूसरी बार यह खिताब दिया गया।

आईपीएल 2024 के फाइनल में सुनील नारायण ने चार ओवर में 16 रन देकर 1 विकेट लिया। इस सीजन उनके बल्ले से 14 मैच में 488 रन भी निकले। साथ ही 15 मैच में कुल 17 विकेट चटकाए। इस दमदार प्रदर्शन के लिए सुनील नारायण को तीसरी बार मोस्ट वैल्यूवेल प्लेयर का अवार्ड दिया गया।

बता दें कि केकेआर ने आईपीएल में तीसरी बार खिताब जीता। इससे पहले गौतम गंभीर की कप्तानी में साल 2012 और 2014 में खिताब जीता था।

## जून से गूगल पे समेत ये सर्विस होगी बंद

नई दिल्ली । गूगल जून और जुलाई में बड़ा झटका देने की तैयारी में है। दरअसल कंपनी अपनी 3 खास सर्विस को जून और जुलाई महीने से बंद करने वाली है। कहा जा रहा है कि इससे लाखों यूजर्स एफेक्ट होंगे। कंपनी गूगल पे और गूगल वीपीएन सर्विस को जून में बंद किया जा रहा है। आइए जानते हैं कि आखिर इन सर्विस को बंद से बंद किया जा रहा है।




गूगल ओन्ड गूगल वन वीपीएन सर्विस को 20 जून 2024 से बंद कर दिया जाएगा। इस सर्विस को भारत में कभी लॉन्च नहीं किया गया है। ऐसे में इंडियन यूजर्स पर गूगल वीपीएन सर्विस के बंद होने का असर नहीं पड़ेगा। गगूल पिक्सल 7 सीरीज के यूजर्स को फ्री पिक्सल वीपीएन सर्विस दिया जाता रहेगा। इसमें गूगल पिक्सल 7, गूगल पिक्सल 7 प्रो, गूगल पिक्सल 7ड्ड और फोल्ड स्मार्टफोन शामिल हैं।

गूगल पे ऐप क इस साल 4 जून से अमेरिका में बंद कर दिया जाएगा। हालांकि भारत और सिंगापुर जैसे मार्केट में गूगल पे पहले की तरह चलता रहेगा। जो यूजर्स भारत और सिंगापुर में गूगल पे ऐप का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## ओस्ट्रावा टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई, जिसने फैंस की चिंता बढ़ा दी. खुद नीरज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए फैंस को जानकारी दी कि वह आने वाले ओस्ट्रावा टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने वाले हैं. टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले नीरज ने अपनी फिटनेस को ध्यान में रखते हुए ये बड़ा फैसला लिया है. हालांकि, उनके इस फैसले से सवाल खड़े हो गए हैं कि वह आगामी पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे या नहीं. ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है कि वह ओस्ट्रावा टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे.

## सनराइजर्स हैदराबाद इस गलती के कारण हार गई फाइनल मैच

चेन्नई। आईपीएल 2024 को अपनी चैंपियन टीम मिल गई है. रविवार की रात चेपॉक स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच फाइनल मैच खेला गया. सभी को उम्मीद थी कि दो बेस्ट टीमों के बीच कांटे की टक्कर वाला मैच देखने को मिलेगा. लेकिन, ऐसा नहीं हुआ और एसआरएच 8 विकेट से मैच हार गई. इस मैच में हैदराबाद अपनी गलतियों के कारण ही हारी, वरना उसमें वो दमखम था कि वह केकेआर को हराकर ट्रॉफी उठाती. तो आइए आपको इस आर्टिकल में उस वजह के बारे में बताते हैं, जिसके कारण हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा.




आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. इस सीजन आंकड़े यही बता रहे थे कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का चेपॉक में दबदबा रहा है. लेकिन, हैदराबाद की टीम बुरी तरह से मैच हार गई. असल में, हैदराबाद की टीम अपने टॉप ऑर्डर पर कुछ ज्यादा ही निर्भर थी. टूर्नामेंट में सिर्फ फाइनल ही नहीं बल्कि और भी कुछ मैचों में हैदराबाद की ये कमजोरी जाहिर हुई थी.

जब एसआरएच का टॉप ऑर्डर फ्लॉप होने पर मिडिल ऑर्डर पारी को संभाल नहीं पाया और मैच गंवा बैठा. ऐसे में कप्तान पैट कमिंस को मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की जरूरत थी. लेकिन, वह ऐसा करने में कामयाब नहीं रहे और नतीजा सभी के सामने है.

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पहले विकेट में अभिषेक शर्मा का विकेट गंवाया और फिर तो सिलसिला आखिर तक नहीं रुका. यदि, इस मैच में कोई बल्लेबाज एक छोर संभालकर खड़ा रहता या पार्टनरशिप बनाता, तो जाहिर तौर पर बोर्ड पर कुछ और रन लग सकते थे. वहीं, ऐसा होने पर एसआरएच के गेंदबाज मैच का निर्णय बदल सकते थे.

## प्रथम पेज का शेष

***रेमल से हाहाकार: बंगाल में छह तो ...***

असम-त्रिपुरा समेत कई राज्यों में भारी बारिश के आसार- मौसम विज्ञान विभाग ने असम और त्रिपुरा समेत पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में चक्रवात रेमल की वजह से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। असम के असम के चिरांग, गोलपाड़ा, बक्सा, दीमा हसाओ, कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा के लिए रेड अलर्ट और धुबरी, दक्षिण सलमारा, बोंगाइगांव, बजाली, तामुलपुर, बारपेटा, नलबाड़ी, मोरीगांव, नागांव, होजाई और पश्चिम कार्बी आंगलोंग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं त्रिपुरा के सिपाहीजाला और गुमटी के लिए रेड अलर्ट जारी हुआ है। इसके अलावा छह अन्य जिलों के ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

***31 मई को एसआईटी के सामने...***

क्या है पूरा मामला?- बता दें पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन शोषण का आरोप है। वह हासन लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी हैं। हासन लोकसभा क्षेत्र में मतदान के ठीक एक दिन बाद, 27 अप्रैल को प्रज्वल जर्मनी चले गए थे। सीबीआई ने उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। एजेंसी के द्वारा प्रज्वल के ठिकानों का पता लगाया जा रहा है। यौन शोषण और दुष्कर्म के मामले में विशेष अदालत ने हासन सांसद के खिलाफ 18 मई को गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था।

***काउंटिंग के समय ये तीन बातें ....***

शामिल ईवीएम नहीं है बल्कि प्रत्येक विधानसभा में रखी जाने वाली वह रिजर्व ईवीएम थी, जिन्हें मतदान के दिन ईवीएम मशीनों में किसी तरह की गडबड़ी होने पर इन्हें मुहैया कराया जाता है। इन रिजर्व मशीनों की जानकारी सभी प्रत्याशी को दी जाती है।


ईवीएम की सूची से मिलान- जौनपुर में भी इस मामले के तूल पकड़ने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर ट्रक में रखी गई सभी ईवीएम का सपा प्रत्याशी को मुहैया कराई रिजर्व ईवीएम की सूची से मिलान कराया। इसके बाद सभी सपा कार्यकर्ता संतुष्ट हुए। इससे पहले कांग्रेस और सपा ने इस मुद्दे पर तूल किया था। साथ ही गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

***वो तहेदिल से चाहते हैं....***

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोग पूछना चाहते हैं कि पंजाब में 117 में से 92 विधायक हैं। आपके पास 3 लोग हैं। आखिर आप सरकार कैसे गिराओगे। क्या आप ईडी और सीबीआई भेजकर पंजाबियों को डराओगे। आखिर क्या षड्यंत्र रचा है, जिससे पंजाब की सरकार को गिराना चाहते हैं। पंजाब के लोग ऐसी गुंडागर्दी को सहन नहीं करेंगे। पंजाब के लोग दिलदार हैं। यदि आप प्यार से मांगते तो एकाध सीट दे भी देते। इनका एक ही मकसद है कि पंजाब के लोगों को मिल रही फ्री बिजली बंद कर दी जाए।'

फ्री बिजली चालू रखना चाहते हैं तो पंजाब की 13 सीटें आप को जिताएं- ऐसी ही धमकी ये लोग मुझे दिल्ली में भी देते हैं और अब पंजाब में भी दे रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यदि आप लोग पंजाब की फ्री बिजली चालू रखना चाहते हैं तो पंजाब की सभी 13 सीटें आम आदमी पार्टी को दें। अन्यथा ये लोग कुछ भी षड्यंत्र रच सकते हैं।

## जन्मदिन से पहले राफेल नडाल को लगा झटका, पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दी करारी शिकस्त



नई दिल्ली। राफेल नडाल को जन्मदिन से पहले तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को खेले गए मुकाबले के पहले दौर में 14 बार के चैंपियन को अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। तीन जून को नडाल 38 वर्ष के हो जाएंगे। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव से 6-3, 7-6 (7/5), 6-3 से हार गए। 2005 में खिताब जीतने के बाद रोलांड गैरोस में 116 मैचों में उनकी यह चौथी हार है। ऐसा पहली बार हुआ कि वह पेरिस में शुरुआती दौर में हार गए थे। पहले दौर से बाहर हुए नडाल की वापसी पर सस्पेंस बरकरार

तीन घंटे तक चले खेल में अधिकांश समय अपने प्रतिद्वंद्वी के हावी रहने के बावजूद, नडाल ने अपने कुछ पुराने शॉट्स के माध्यम से मैच में वापसी के लिए संघर्ष जारी रखा। हार के बावजूद उनके समर्थकों ने उनका भरपूर समर्थन किया। इसके लिए नडाल ने उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह उनकी टूर्नामेंट में आखिरी उपस्थिति है या नहीं कहना मुश्किल है।

उन्होंने कहा, ÷मेरे लिए बात करना कठिन है। मुझे नहीं पता कि यह आप सभी के सामने आखिरी बार होगा या नहीं। मुझे यकीन नहीं है। लेकिन अगर यह आखिरी बार है तो मैंने इसका आनंद लिया। आज मेरे मन में जो भावनाएं हैं उन्हें शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। मेरे लिए उस जगह के लोगों का प्यार महसूस करना बहुत खास है, जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूं।

## एम्बाप्पे के विदाई मैच में पीएसजी ने जीता फ्रेंच कप, फाइनल में लियोन को 2-1 से परास्त किया

पेरिस। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपने स्टार फुटबालर किलियन एम्बाप्पे के विदाई मैच में लियोन पर 2-1 से जीत दर्ज कर फ्रेंच कप पर कब्जा जमा लिया। पीएसजी की जीत में एम्बाप्पे ने कोई गोल नहीं किया, लेकिन क्लब के साथ सात वर्षों के उनके शानदार सफर को ध्यान में रखते हुए फाइनल के बाद साथी खिलाडि़यों ने उन्हें हवा में उछालकर जश्न मनाया। एम्बाप्पे ने पीएसजी के लिए 308 मैच खेले, जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 256 गोल किए। एम्बाप्पे के अगले सत्र में स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड के साथ जुडने् की संभावना है। पीएसजी के लिए दोनों गोल पहले हाफ में ओस्मान डेंबेले (22) और फेबियन रुइज (34) ने किए। लियोन के लिए एकमात्र गोल जैक ओब्रायन (55) ने किया।



यूरोपा लीग के फाइनल में अटलांटा के हाथों 0-3 की हार के बाद बायर लेवरकुसेन ने घर में अपराजेय रहने का रिकॉर्ड कायम रखा। उसने जर्मन कप के फाइनल में काइसरस्लॉटर्न को 1-0 से पराजित कर खिताब जीता। कुछ दिन पूर्व पहली बार बुंडेसलीगा जीतने वाले बायर का यह इस सत्र में दूसरा खिताब है। कोच जाबी अलोंसो की अगुवाई में खेलने वाले बायर के लिए ग्रानिट जाका ने 16वें मिनट में गोल किया। इस सत्र में बायर ने घर में एक भी मैच नहीं हारा। उसने घर और यूरोप के सभी कंपटीशनों में कुल 53 मैच खेले, जिसमें उसे अटलांटा के हाथों एकमात्र हार मिली। बिलबाओ। पुरुषों की तरह लियोन की महिलाओं को भी यूएफा महिला चैंपियंस लीग के फाइनल में बार्सिलोना के हाथों हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना ने लियोन को 2-0 से हराकर पिछले चार सत्रों में तीसरी बार चैंपियंस लीग का खिताब जीता। रिकॉर्ड 50, 827 दर्शकों के सामने विश्व की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबालर चुनी गईं एइटाना बोनमाती ने दूसरे हाफ में बार्सिलोना के लिए गोल किया। स्टापेज समय में विश्व की पूर्व श्रेष्ठ फुटबालर एलेक्सिया पुटेलास ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया।

अबु धाबी। संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल अइन ने जापानी क्लब योकोहामा मरीनोज को 5-1 से परास्त कर एशियाई चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया। पहले चरण के फाइनल में अल अइन को 2-1 से हार मिली थी। दूसरा चरण जीतकर अल अइन ने 6-3 के औसत से मुकाबला जीता। चेल्सी, एसी मिलान के पूर्व स्ट्राइकर हरनना क्रेस्पो की कोचिंग में खेल रही अल अइन 2003 के बाद पहली बार विजेता बना है। इस दौरान उसे दो फाइनल में हार मिली।



# साल का पहला बड़ा मंगल आज

## ज्येष्ठ महीने में बड़ा मंगल का पर्व मनाया जाता है. कल पहला बड़ा मंगल है. इस बार साल 2024 में चार बड़ा मंगल का संयोग बन रहा है. जानें बड़ा मंगल 2024 की डेट, कैलेंडर और महत्व.

कल यानि 28 मई 2024 को पहला बड़ा मंगल है. वैशाख के बाद हिंदू नववर्ष का तीसरा महीना ज्येष्ठ मास शुरू होता है. मंगलवार का दिन बजरंगबली को समर्पित है लेकिन ज्येष्ठ के महीने में आने वाला हर मंगलवार हनुमान जी की पूजा के लिए पुण्यकारी बताया गया है. इन्हें बुढ़वा मंगल या बड़ा मंगल के नाम से जाना जाता है. बड़ा मंगल से हनुमान जी और श्रीराम से गहरा नाता है. इस दिन को हनुमान भगवान की पूजा के लिए सबसे सर्वश्रेष्ठ क्यों माना जाता है? और आखिरी इस दिन का महत्व क्या होता है?

हर साल ज्येष्ठ महीने के हर मंगलवार को बड़ा मंगल का पर्व मनाया जाता है. इस साल 2024 में चार बड़ा मंगल आएंगे. बड़ा मंगल में हनुमान जी के वृद्ध स्वरूप की पूजा की जाती है. उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बड़ा मंगल को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है. इसकी शुरुआत भी यहीं से हुई थी.

साल 2024 में कितने बड़ा मंगल

पहला बड़ा मंगल - 28 मई 2024

दूसरा बड़ा मंगल - 4 जून 2024

तीसरा बड़ा मंगल - 11 जून 2024

चौथा बड़ा मंगल - 18 जून 2024

### बड़ा मंगल क्यों मनाया जाता है

पौराणिक कथा कहती है कि ज्येष्ठ के महीने में ही त्रेतायुग में भगवान राम की मुलाकात वीर बजरंगी हनुमान से हुई थी. इसलिए इस महीने के मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है.

इस दिन हनुमान जी पूजा करने वालों के बड़े से बड़े संकट टल जाते हैं. इस विशेष दिन पर, मंदिरों में कीर्तन आयोजित किए जाते हैं, एक धार्मिक भोज (भंडारा) आयोजित किया जाता है.

### बड़े मंगल की शुरुआत कैसे हुई ?

बड़ा मंगल मनाने की परंपरा नवाब सआदत अली के कार्यकाल (1798-1814) के दौरान हुई थी. एक बार नवाब के बेटे मोहम्मद अली शाह के बेटे की तबीयत इतनी बिगड़ गई कि तमाम इलाज के बाद भी वह ठीक नहीं हुआ तब किसी ने नवाब और बेगम को लखनऊ के अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में बेटे की सलामती की दुआ मांगने को कहा.

दोनों से ऐसा ही किया, बेटे की तबीयत में सुधार हो गया. संतान को आरोग्य की प्राप्ति होने पर बेगम ने मंदिर के निर्माण का वादा किया था. मंदिर का काम ज्येष्ठ महीने में पूरा हो गया, तभी से यहां बड़ा मंगल मनाया जाता है.

### बड़ा मंगल पर क्या करें

हनुमान मंदिर में जाकर बजरंगबली को चोला चढ़ाएं और सुंदरकांड का पाठ करें. मान्यता है कि ऐसा करने से हनुमान जी आपके सारे संकट दूर करेंगे और आपके सभी काम पूरे होने लगेंगे.

बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की पूजा के अलावा राहगीरों को पानी, शबरत पिलाएं.

# शिवलिंग और ज्योतिर्लिंग के बीच क्या होता है अतंर?



## अधिकतर लोग शिवलिंग और ज्योतिर्लिंग को एक समझ लेते हैं लेकिन दोनों के बीच एक बड़ा अंतर होता है। शिव पुराण में दोनों का अलग-अलग अर्थ भी बताया गया है। तो यहां जानिए आखिर ज्योतिर्लिंग और शिवलिंग के बीच क्या अंतर है।

हर शिव भक्त अपने जीवन काल में एक बार 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन की चाह जरूर रखता है। हिंदू धर्म में ज्योतिर्लिंग के दर्शन और पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। कहते हैं कि ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने से व्यक्ति के जीवन के सभी दुख-तकलीफ दूर हो जाते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन या सोमवार के दिन शिवलिंग की आराधना करने से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रोजाना शिवलिंग पर जल अर्पित करने से महादेव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की हर इच्छा पूर्ण करते हैं। यहां आपको बता दें कि शिवलिंग और ज्योतिर्लिंग दोनों में अंतर होता है। अधिकत्तर लोगों शिवलिंग और ज्योतिर्लिंग को एक ही समझते हैं लेकिन दोनों का अर्थ अलग-अलग है। तो आइए जानते हैं शिवलिंग और ज्योतिर्लिंग के बीच अंतर के बारे में।

ज्योतिर्लिंग और शिवलिंग में क्या अंतर है?

शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव जहां-जहां प्रकाश यानी ज्योति के रूप में प्रकट हुए उसे ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। बता दें कि कुल 12 ज्योतिर्लिंग हैं। ये ज्योतिर्लिंग देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थित है। मान्यताओं के अनुसार, 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने से महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

वहीं शिवलिंग उसे कहते हैं जिसे मनुष्यों द्वारा बनाया गया है या खुद प्रकट हुए हैं। शिव पुराण के मुताबिक, शिवलिंग का अर्थ अनंत होता है, जिसका कोई अंत नहीं है।

भगवान शिव के प्रतीक के रूप में शिवलिंग का निर्माण भक्तों ने पूजा-पाठ और प्राण प्रतिष्ठा कर घर में स्थापित करने के लिए किया है। शिवलिंग की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है और पूरे परिवार पर भोले शंकर का आशीर्वाद बना रहता है।

# कहा है दुनिया की सबसे छोटी जेल?

भारत में जब भी जेलों की बात होती है, सबसे पहले तिहाड़ जेल का नाम लिया जाता है. क्यों तिहाड़ जेल भारत की सबसे बड़ी जेल है. लेकिन अगर आपसे पूछा जाए कि दुनिया की सबसे छोटी जेल कहां पर है? तो 90 फीसदी लोग इसका जबाव नहीं जानते होंगे. आज हम आपको बताएंगे कि दुनिया की सबसे छोटी जेल कहां पर है और इसमें कितने कैदी एक साथ रह सकते हैं.

बता दें कि दुनियाभर में जेलों का इस्तेमाल कैदियों को रखने के लिए किया जाता है. हर जगह के जेलों की क्षमता भी अलग-अलग होती है. जैसे भारत की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ जेल है. राजधानी दिल्ली स्थिति तिहाड़ जेल भारत की सबसे बड़ी जेल है. जानकारी के मुताबिक तिहाड़ जेल का क्षेत्रफल 400 एकड़ में फैला हुआ है. वहीं इसमें 9 केंद्रीय जेल मौजूद हैं. वर्तमान समय में तिहाड़ जेल की क्षमता करीब 10 हजार कैदियों को रखने की है. हालांकि 1958 में जब इस जेल की स्थापना हुई थी, उस वक्त इसकी क्षमता सिर्फ 1,273 कैदियों की थी.



### दुनिया की सबसे छोटी जेल

अब सवाल ये है कि दुनिया की सबसे छोटी जेल कौन सी है. बता दें कि सबसे छोटी जेल ब्रिटेन के सबसे छोटे आइलैंड पर बना है. इस जेल का निर्माण करीब 168 साल पहले किया गया था. ये इतना छोटा है कि इसमें सिर्फ दो कैदियों के रहने की जगह है. डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक इंग्लिश चैनल में मौजूद सर्क आइलैंड पर बनी सर्क जेल को दुनिया की सबसे छोटी जेल माना जाता है.

इसका निर्माण 1856 में हुआ था. हालांकि इस जेल में सिर्फ 2 ही कैदी रह सकते हैं. उस वक्त से अभी तक इस जेल के लाइट और टॉयलेट में सिर्फ बदलाव हुआ है. बाकी सब पहले की तरह है. वहीं सर्क आइलैंड 5.4 स्क्वायर किलोमीटर में फैला हुआ है. वहीं 2023 की जनगणना के मुताबिक इस आइलैंड पर सिर्फ 562 लोग रहते हैं.

### क्यों बना था इतना छोटा जेल

जानकारी के मुताबिक 1832 में कोर्ट ने इस जेल को बनाने का ऑर्डर दिया था. लेकिन इसे पूरा होने में 24 साल लग गए थे, क्योंकि किसी के पास भी इसे बनाने के लिए पैसे नहीं थे. इस जेल में सिर्फ दो कमरा बन पाया था. एक कमरा 6 बाय 6 फीट का है, जबकि दूसरा 6 बाय 8 फीट का है. दोनों कमरों में लकड़ी के पतले बिस्तर हैं. इस जेल में अधिकतम 2 से 3 दिन ही कैदी को रखा जा सकता है.

# आटे में डालें बर्फ के टुकड़े सेहत के लिए है फायदेमंद

गर्मियों में रोटी सूखकर कड़ी हो जाती है। कुछ लोगों की चपाती ठीक से फूलती नहीं है और कुछ लोग रोटी के काले हो जाने की शिकायत करते हैं। अक्सर जब हम रखे हुए आटे की रोटियां बनाते हैं तो रोटी काली बनती हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपकी रोटी एकदम मुलायम, गुब्बारे जैसी फूली हुई और सफेद रंग की बने तो इसके लिए कुछ ट्रिक्स आपको अपनानी होंगी। आज हम आपको एक मजेदार हैक्स बता रहे हैं, जिसे आटा गूंथने में आपको अपनाना है। गर्मियों में आप गर्म या नॉर्मल पानी से नहीं बल्कि बर्फ के ठंडे पानी से आटा लगाएं। जानिए आटे में कैसे मिलाने है बर्फ के टुकड़े और इससे क्या फायदा होता है।

बर्फ के पानी से आटा लगाने से कैसे रोटियां बनती हैं?

आटा गूंथने में बर्फ डालने से क्या होता है?

अक्सर आपने देखा होगा कि आटा गूंथकर रख देते हैं तो ये कड़ा हो जाता है। फ्रिज में आटा गूथकर रख दें तो काला पड़ने लगता है। इस तरह के आटे से रोटियां बनाने में परेशानी होती है। ऐसे आटे की रोटी सख्त बनती है और सही से फूलती भी नहीं है। इसलिए आप आटा गूंथते वक्त बर्फ का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपकी रोटी एकदम मुलायम बनेगी। आपको एक कटोरी में ठंडा



पानी लेना है और उसमें कुछ बर्फ के टुकड़े डाल देने हैं। जब बर्फ पानी में घुल जाए और पानी एकदम ठंडा हो जाए तो इससे आटा गूंथ लें। अब इस आटे से रोटियां बनाएं। आपकी रोटी बहुत ही मुलायम, गेंद जैसी फूली हुई और एकदम सफेद बनेगी। इस आटे की रोटियां घंटों रखी रहने के बाद भी काली नहीं पड़ेंगी। ये रोटी सुबह की शाम खाएंगे तो भी कड़ी नहीं होगी। खाने में ताजा रोटी जैसा ही इसका स्वाद आएगा।

मुलायम रोटी बनाने के लिए टिप्स

आप कई दूसरी ट्रिक्स भी अपना सकते हैं, जिससे रोटी फूली हुई और मुलायम बनती है। इसके लिए आप आटा गूंथते वक्त थोड़ा घी लगा लें। ऐसे आटे की रोटी रखी रहने पर भी कड़ी नहीं होती और सूखती नहीं है। आटे में घी या तेल लगाने से रोटी काफी सॉफ्ट बनती हैं।

### फूली-फूली रोटियां कैसे बनती हैं?

वैसे कहा जाता है कि आटा गूंथकर थोड़ी देर उसे सेट होने के लिए रख देना चाहिए। इससे रोटियां अच्छी और मुलायम बनती हैं। अगर आपके पास समय नहीं है तो एक सूती या मलमल का कपड़ा लें और उसे पानी में भिगो लें। कपड़े को हल्का निचोड़ दें और फिर इस गीले कपड़े से गूंथे हुए आटे को लपेटकर थोड़ी देर के लिए रख दें। इस आटे की रोटियां जब आप बनाएंगे तो बहुत मुलायम बनेंगी।

### ऐसी रोटी होती है सबसे ज्यादा फायदेमंद

खाने में हल्की, अच्छी सिकी हुई रोटी को सुपाच्य माना जाता है। अगर आप रोटी का आटा लगाकर थोड़ी देर सेट करने के लिए रख देते हैं तो ऐसे आटे से बनी रोटी ज्यादा हेल्दी होती है। इस तरह की रोटी ज्यादा पाचक हो जाती है। आटा हमेशा थोड़ा लूज ही लगाना चाहिए। ढ़ीले आटे की रोटी पेट में भारीपन पैदा नहीं करती हैं। ऐसी चपाती हल्की मानी जाती हैं।

# इन कामों को करने से घर में आती है सुख शांति, परिवार का माहौल रहता है खुशनुमा



आपको यहां पर कुछ जरूरी बातों के बारे में बताया जा रहा है जिससे आपके घर से वास्तु दोष का असर कम हो सकता है. तो आइए जानते हैं.

क्या आपके घर में हमेशा क्लेश होता है. परिवार के सदस्यों की आपस में बनती नहीं है, बात-बात पर लड़ाई हो जाती है? जिसके चलते घर में तनाव की स्थिति बनी रहती है ? तो इसका मतलब घर में वास्तु दोष है. इससे छुटकारा पाने के लिए आपको यहां पर कुछ जरूरी बातों के बारे में बताया जा रहा है, जिससे आपके घर से वास्तु दोष का असर कम हो सकता है और घर का माहैल खुशनुमा हो सकता है...

घर से वास्तु दोष कैसे करें दूर

यहां न रखें डस्टबिन

रसोई घर में कभी भी डस्टबिन नहीं रखना चाहिए. वहीं, पानी और चूल्हे को आस पास रखना ठीक नहीं होता है, यह भी वास्तु दोष का कारण बन सकती है.

इसके अलावा रसोईघर में पूजा स्थान ना बनाएं. यह भी ठीक नहीं होता है. वहीं, रसोई के बगल में बाथरूम और वॉशरूम कभी नहीं बनाना चाहिए.

सिंक और चूल्हा एक साथ न हो

इसके अलावा सिंक और चूल्हे एक स्लैब पर ना हो और गैस स्टोव खिड़की के नीचे ना रखें. यह भी एक तरह से वास्तु दोष उत्पन्न कर सकता है.

ऐसे परोसें भोजन

वहीं, आप जब भी भोजन की थाली किसी को दें तो दोनों हाथ से पकड़ के दीजिए. एक हाथ से थाली देने से उसमें भूत प्रेत का वास होता है. इसके अलावा आप जब भी खाना पकाएं तो पहले अग्नि देव को समर्पित करें.

# नेशनल हाईवे 53 में पेट्रोल पंप के मैनेजर के साथ 14 लाख की लूट, पुलिस जांच में जुटी

राजनांदगांव (दावा)। जिले के चिचोला चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 53 में तेंदूनाला के पास पेट्रोल पंप के मैनेजर से मारपीट कर 14 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। जहां घोरतलाव स्थित मारुति फ्यूल्स के मैनेजर के द्वारा 14 लाख रुपए कैश बैंक में जमा करने के लिए बाइट से राजनांदगांव की ओर जा रहे थे।



इस दौरान चिचोला चौकी क्षेत्र के तेंदूनाला के पास कार सवार कुछ आरोपियों द्वारा मैनेजर का पीछा करते हुए उन पर हमला कर दिया और बैग में रखे 14 लाख रुपए रकम लेकर वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नेशनल हाईवे के आसपास और अन्य प्रमुख क्षेत्र में नाकाबंदी कर मामले की जांच में जुड़ गई है।

राजनांदगांव एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि बागनदी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप है मारुति फ्यूल्स से उसके मैनेजर जो है कैश कलेक्शन को लेकर राजनांदगांव की ओर बैंक में जमा करने के लिए आ रहे थे चिचोला के पास तेंदूनाला में तीन लोगों ने कार में आकर उसको रोक कर उसके पास जो रकम थी उसको लूट कर ले गए लगभग 14 लाख रुपए है,इस संदर्भ में जांच पड़ताल की जा रही है।

जिले में दिनदहाड़े कार सवरों ने पेट्रोल पंप के मैनेजर को लूट लिया और बैग में रखिए 14 लाख रुपए लेकर मौके से फरार हो गए इस पूरे घटनाक्रम में मैनेजर को भी हल्की-फुल्की चोट आई है वहीं इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटना की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है और नेशनल हाईवे के क्षेत्र में नाकाबंदी का सघन जांच पुलिस द्वारा किया जा रहा है और अज्ञात कार सवार लुटेरों की जांच पुलिस कर रही है जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा।

# सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से झटका, बच्चों की परवरिश के आधार पर मांगी थी जमानत

बिलासपुर। सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत नहीं मिली है। जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। सौम्या चौरसिया ने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत मांगी है।

मामले में अब 10 जून के बाद अगली सुनवाई होगी। कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में जेल में बंद हैं सौम्या चौरसिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रही हैं। कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में जेल में बंद सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से ब?ा झटका लगा है। कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। सौम्या की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। सौम्या चौरसिया ने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत की मांग की है, अब मामले की सुनवाई 10 जून के बाद होगी सुनवाई। जानकारी के मुताबिक पूर्व की कांग्रेस सरकार में करोड़ों के कोयला घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को मनी लॉड्रिंग के केस में ईडी ने दो दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से सौम्या चौरसिया रायपुर के सेंट्रल जेल बंद हैं। इससे पहले कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट ने सौम्या की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कोर्ट ने गलत तथ्य पेश करने पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया था।

कुछ दिन पहले ही ईडी की विशेष अदालत में जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। सौम्या चौरसिया को अपने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत की मांग की गई है। मामले की सुनवाई जस्टिस एन के व्यास की बेंच में हुई।

# डंडे से पीटकर युवक की बेरहमी से हत्या

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले में सड़क हादसा व हत्या थमने का नाम नहीं ले रहा है. आये दिन हो रही हत्या से पुलिस को भी इंवेस्टीगेशन में काफी पसीना बहाना पड़ रहा है. 19 मई को शहर से लगे देवारीभाट में 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश का अब तक सुराग नहीं मिल पाया है कि सप्ताह भर के भीतर एक और हत्या हो गई.

जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ थानांतर्गत ग्राम कुकुरमुडा में 26 मई को रात्रि साढ़े सात बजे के आसपास एक व्यक्ति के साथ मृतक गणेश निषाद उम्र 24 साल के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई. बात इतनी बढ़ गई कि उक्त व्यक्ति वहां से निकल गया और कुछ देर बाद डंडा लेकर वही फिर पहुंच गया जहा झगड़ा हुआ था. वहा गणेश पहले से मौजूद था. फिर क्या उक्त व्यक्ति ने गणेश के ऊपर एक के बाद एक डंडा बरसाना चालू कर दिया जिससे मौके पर ही गणेश निषाद की मौत हो गई. वही उक्त व्यक्ति घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था.जिसे पुलिस ने अपने कस्टडी में लिया है।

बताते है कि मृतक गणेश निषाद जो कि नागपुर में रहता था, वही इनका कारोबार चल रहा था. गणेश नागपुर में जेसीबी चलाने का काम करता था. दो माह पहले पिता की मौत हो जाने के बाद वर्तमान में गॉव कुकुरमुड़ा में ही रह रहा था। इधर खैरागढ़ पुलिस को सुचना मिलते ही गॉव कुकुरमुड़ा पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कर परिजनों सौप दिया गया है. बहरहाल खैरागढ़ पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

> ग्रामीणों के द्वारा नामजद शिकायत किया गया है. शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया है. बहरहाल नामजद व्यक्ति पुलिस कस्टडी में है।
>
> – लालचंद मोहले एसडीओपी खैरागढ़

## दुर्घटना प्रभावित परिवारों से मिलने सेमरहा पहुंचे अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। कवर्धा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज ग्राम सेमरहा पहुंचे और क्षेत्र में विगत दिनों हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया. अभिषेक सिंह ने प्रभावित परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा मृतकों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की. अभिषेक सिंह ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन में सवार उन ग्रामीणों से भी बात की जिन्होंने चलते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई थी. आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उसी सेमरहा गांव पहुंचे थे। उपस्थित परिजनों और ग्रामीणों से बात करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी स्वयं यहां आकर आप लोगों से मुलाकात करना चाहते थे लेकिन स्वास्थ्य कारणों से अभी नहीं आ पाए हैं और जल्द ही वे भी आयेंगे. साथ ही पूर्व सांसद ने शासन द्वारा मिलने वाली सहायता की भी जानकारी ली और परिजनों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में पूरी सरकार उनके साथ खड़ी है और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी.

# फ्लाई ओव्हर के नीचे से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे अनाधिकृत रूप से खड़े वाहन एवं अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा हटाने गत सप्ताह निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता द्वारा गाड़ी मालिकों एवं संबंधित ठेला खोमचा वालों से हटाने अपील किये थे। जिसको मूर्त रूप देने आज नगर निगम एवं यातायात की टीम फ्लाई ओव्हर के नीचे गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अनाधिकृत खड़े वाहन व 18 ठेला खोमचा हटाने की कार्यवाही किये, जो वाहन नहीं हटाये गये उसे हटाने वाहन मालिकों को समझाईस दी गयी। इस संबंध में जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल द्वारा भी फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा व सुंदर कर पार्किंग के लिये व्यवस्थित करने के निर्देश दिये गये थे।





**निगम एवं यातायात की टीम गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अनाधिकृत खड़े वाहन व अवैध रूप से रखे 18 ठेला खोमचा हटाये**

फ्लाई ओव्हर के नीचे से वाहन व ठेला खोमचा हटाने जिलाधीश श्री अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर आज नगर निगम की अतिक्रमण हटाव टीम के प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता दीपक महला, अनिमेष चंद्राकर, अनुप पाण्डे, अशोक देवांगन, तिलकराज ध्रुव, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, समयपाल चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा तथा यातायात विभाग के ए.एस.आई. शरद कुमार मसीह व एन.लाल चंद्राकर टीम के साथ फ्लाई ओव्हर के नीचे पहुचे और गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक अनाधिकृत रूप से रखे 18 ठेले खोमचे व दुकान संचालित करने वाले ठेला हटाया गया। जिसमें से 15 ठेलावालो ने स्वयं अपना ठेला हटा लिये तथा 3 ठेला जप्ती की गयी। इसी प्रकार बेतरतीब खड़े वाहनों में 4 वाहन वाहन मालिक द्वारा हटाया गया तथा अन्य वाहन हटाने संबंधितों को समझाईस दी गयी। नही हटाने की स्थिति में यातायात विभाग द्वारा हटाने की कार्यवाही की जावेगी। कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि फ्लाई ओव्हर को साफ सुथरा व व्यवस्थित रखने तथा सुनियोजित पार्किंग के लिये अनाधिकृत खडे वाहन तथा ठेला आदि हटाने अपील की गयी थी, जिसे मूर्त रूप देने निगम एवं यातायात की संयुक्त टीम गाडी एवं ठेला आदि हटाने की कार्यवाही किये। उन्होंने बताया कि आज प्रथम दिन गुरूद्वारा चौक से महावीर चौक तक हटाया गया, कल महावीर चौक से आगे हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने अपील करते हुये कहा है कि जिन लोगों की वाहने फ्लाई ओव्रह के नीचे खडी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला खोमचा व अन्य समान रखा गया है, वे कृपया स्वयं हटा लेवे, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग का निर्माण कर साफ सुथरा तथा व्यवस्थित रखा जा सके।

# भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने ली वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक





**० मतगणना के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें**
**० मतगणना के लिए सभी अच्छी तैयारी रखें**

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के सीईओ, लोकसभा क्षेत्र के निटर्निंग ऑफिसर, सभी जिलों के डीईओ की बैठक ली।

इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

मतगणना के लिए सभी अच्छी तैयारी रखें। सावधानी सजगता के साथ स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप मतगणना का कार्य निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। टीम इसके लिए अच्छा कार्य करें। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को मतगणना की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना का कार्य सजगता एवं सर्तकता से करना है। मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष में मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा एजेंट के आने जाने तथा आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारी के लिए सभी अधिकारियों को अच्छी तरह प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, ईडीएम सौरभ मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

# अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 52 वाहनों पर की गई कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक खनिज विभाग के अमलों द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 52 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 16 लाख 48 हजार 347 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया है।

**16 लाख 48 हजार 347 रूपए का वसूला गया अर्थदण्ड**

जिला खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन करते हुए 50 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 14 लाख 57 हजार 347 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया है। वहीं अवैध खनिज उत्खनन करते हुए 2 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 1 लाख 91 हजार रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया है। उन्होंने बताया कि चूना पत्थर (गिट्टी) के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 26 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 7 लाख 74 हजार 964 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। रेत के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 9 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 2 लाख 7 हजार 200 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। ईट के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 11 हजार 600 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया।

मुरूम व मिट्टी के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 13 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए और 3 लाख 7 हजार 800 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। कोयला के अवैध खनिज परिवहन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 1 लाख 55 हजार 783 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी तरह मुरूम का अवैध खनिज उत्खनन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 1 लाख 40 हजार रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। मिट्टी का अवैध खनिज उत्खनन करते हुए 1 वाहन पर कार्रवाई की गई और 51 हजार रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया।

# टिकटिंग के लिए लाइन में लगने की झंझट से बचें, करें 'यूटीएस मोबाइल ऐप' का उपयोग

राजनांदगांव (दावा)। अनारक्षित टिकटिंग की प्रक्रिया को यात्रियों के सुविधा अनुकूल बनाने, यात्रियों को चिल्हर की परेशानी से राहत दिलाने के साथ ही डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा घर बैठे अनारक्षित टिकट बुकिंग हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है।




इस ऐप के द्वारा किसी भी स्टेशन के लिए कितनी भी दूरी से अनारक्षित टिकट प्राप्त किया जा सकता है। इस के अलावा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी कोचों के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों के दोनों छोर पर सामान्य श्रेणी के कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस सुविधा की उपलब्धता से सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी और जनरल कोच में सफर सुगम होगा। गर्मी के मौसम में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ के दौरान सुगम तरीके से अनारक्षित टिकट प्राप्त करने का यह सबसे आसान व अच्छा विकल्प है। साथ ही टिकट का भुगतान R- Wallet के माध्यम से करने से 03 प्रतिशत की बोनस राशि भी प्राप्त होती है।

यात्रियों को इससे होने वाली लाभ व इस एप से टिकट लेने की सरलतम प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है जिससे यात्रीगण इसका सरलतापूर्वक प्रयोग कर इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठा सके। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में मंडल के प्रमुख स्टेशनों में हेल्प-डेस्क का प्रावधान किया गया है जहां टिकट चेकिंग व बुकिंग स्टाफद्वारा यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट के प्रावधानों, इससे होने वाली लाभ एवं इसके प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है।

आज छठवीं पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती निर्मला शेवलीकर
(1939-2018)
आज 28 मई 2024 को छठवीं पुण्य तिथि के अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि
पुण्य स्मरण के साथ : एम.आर. शेवलीकर (पति)
धनंजय, मनीषा, संजय, सेजल एवं समस्त शेवलीकर परिवार
बलदेव बाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

# प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म राजनांदगांव जिला... हीटवेव का अलर्ट

राजनांदगांव (दावा)। नवतपा की भीषण गर्मी ने सबकी पसीने छुड़ा रखा है। हालांकि गर्मी सीजन में मौसम के उलट-फेर के चलते अत्यधिक तपिश में थोड़ी कमी जरूर है। लेकिन तापमान का पारा 43 डिग्री तक जा पहुंचा है।

उत्तर दिशा से आ रही गर्म एवं शुद्ध हवाओं की वजह से आज से 29 मई तक मौसम विभाग ने अविभाजित राजनांदगांव जिले के साथ ही मध्य छत्तीसगढ़ के लिए हिट वेव अलर्ट जारी किया है।



### सबसे गर्म जिला

बता दे कि पिछले दो दिनों से राजनांदगांव जिला प्रदेश के बाकी सभी बड़े शहरों में सबसे गर्म बना हुआ है। राजनांदगांव जिले में अधिकतम तापमान बढ़कर 43 डिग्री पार कर गया है। जबकि इसके 45 डिग्री तक जाने का संभावना बनी हुई है। वही जिले का न्यूनतम तापमान 30 डिग्री के करीब होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण पंखे, कुलर, एसी के बीच आखो से नीद गायब नजर आती है। गर्मी के कारण देर रात तक लोगों को टहलते देखा जा सकता है। वही दिन में तीखी धूप व भीषण गर्मी के बीच चलती गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

# लोन दिलाने के नाम पर 39 लाख की ठगी

राजनांदगांव (दावा)। नंदई रोड निवासी लेथ वर्क्स चलाने वाला व्यक्ति लोन दिलाने के नाम पर 39 लाख रूपए ठगी का शिकार हो गया। बताया जाता है कि नंदई रोड में लेथ वर्क्स शाप एवं माइनिंग स्क्रीनिंग का काम करने वाले व्यक्ति को व्यवसाय को आगे बढ़ाने लगभग दो करोड़ रूपए की आवश्यकता हुई।

उसका रायपुर निवासी पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी से पहचान होने उसके द्वारा दो करोड़ रूपए लोन में दिलाने का आश्वासन दिया गया। यही नहीं प्रार्थी पुरूषोत्तम भाई को उनके द्वारा लोन निकालने से पहले कुछ राशि जमा कराने की बात कही। प्रार्थी झांसे में आकर अलग-अलग किश्तों में 39 लाख रूपए दे दिए लेकिन उसे न तो अब तक दो करोड़ रूपए मिल पाया और न आरोपी पुरूषोत्तम मानिकपुरी को दी गई 39 लाख रूपए मिल पाई। आरोपी पुरूषोत्तम लोन दिलाने के नाम पर ली गई 39 लाख रूपए की राशि को लौटा नहीं रहा है।

बताया जाता है कि आरोपी पुरूषोत्तम ने अपने मित्र टिकाशंकर सिदार, देवकुमार पटेल तथा बबीता मानिकपुरी के साथ मिलकर पुरूषोत्तम पठारिया से 39 लाख की ठगी की है। पुलिस ने प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के उपरांत आरोपी जन के अपने ठिकानों से भाग निकलने की बात सामने आ रही है।

BPS PARENTS' PRIDE ENGLISH MEDIUM SCHOOL, DONGARGAON
REQUIREMENT
Applications are invited from young, dynamic and eligible candidates in various post of session 2024-25 to teach indifferent Classes (PRT, TGT & PGT)

| Subjects/ Post | Qualification |
|---|---|
| Principal, HM, | Post Graduation, B.Ed. 4 year experience |
| English, Mathematics, Science & All Subject Teacher's | Graduation, B.Ed./ D.Ed. |

Those candidate are interested so please submit your Bio-data along with 2 Passport Photo.
Last date for submitting bio-data- 30 May 2024
ADMISSION OPEN 2024-25
From Nursery to Class 10th
Contact Number : 8109422436, 6261897080
Whats App Number : 8964927843, 9907431576

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com